जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोन:- 226422, 226423 फैक्स:- 02973-226424 वर्ष: 20 संख्या: 217 प्रभात जालोर, शुक्रवार, 14 नवम्बर, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## क्या नीतीश कुमार, लालू यादव का प्रस्ताव स्वीकार करेंगे, साल भर के लिए मु.मंत्री पद संभालेंगे

### लालू यादव की सोच है कि अगर नीतीश ने पाला बदला तो अतिरिक्त लाभ यह होगा कि केन्द्र में मोदी सरकार भी संकट में आ जाएगी

- जैसा कि विदित ही है, दिल्ली में मोदी सरकार को जीवित रहने के लिए चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार का समर्थन अनिवार्य है।
- ऐसा माना जा रहा है कि जदयू व भाजपा का सपोर्ट बेस काफी सिकुड़ा है। हालांकि, एग्ज़िट पोल कुछ भी आकलन लगा रहे हों, दोनों पार्टी गत चुनाव के मुकाबले काफी कमज़ोर होंगी, इस बार।
- एनडीए के लिए यह शुभ समाचार नहीं है।
- अत: एनडीए को यदि बहुमत नहीं मिल पाया तो लालू के नीतीश कुमार को दिए गए प्रस्ताव में काफी दम आ जाएगा।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 नवंबर। सारी नज़रें अब नीतीश कुमार पर टिकी हैं, उस व्यक्ति पर जो 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद एक बार फिर "राजा" बनना चाहता है।

उन्हें कभी "सर्वाइवर इन चीफ़" तो कभी "पलटू राम" कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने बार-बार अपनी राजनीतिक निष्ठा बदली है, कभी भाजपा के साथ, फिर लालू यादव के साथ, फिर दोबारा भाजपा के साथ, और यह सिलसिला जारी रहा है।

इस बार भी वे भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए लालू यादव के साथ बातचीत में जुटे हैं। लेकिन भाजपा द्वारा अब तक उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित न करने से तनाव और असंतोष का माहौल बन गया है। अगर भाजपा और जद (यू) का प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा, तो इसका एक बड़ा कारण कार्यकर्ताओं में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री प्रत्याशी न बनाए जाने से उपजा आक्रोश भी हो सकता है, और इसकी जिम्मेदारी भाजपा पर आ सकती है।

लालू यादव की ओर से नीतीश कुमार के लिए प्रस्ताव अब भी खुला है, वे आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन में शामिल हों और एक साल के लिए मुख्यमंत्री बनें। इसके बाद तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे और नीतीश कुमार के बेटे को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। लालू यादव की गणना यह है कि अगर नीतीश कुमार पाला बदलते हैं तो इसका सीधा असर नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार पर पड़ेगा। भाजपा ने पिछला लोकसभा चुनाव 240 सीटों के साथ जीता था, जबकि एग्ज़िट पोल्स ने उसके लिए 400 सीटों का अनुमान लगाया था, इसलिए अब भाजपा अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार पर निर्भर है।

भाजपा पिछले छह महीनों से बिहार चुनाव को सूक्ष्म स्तर पर नियंत्रित करने में लगी हुई है और हर हाल में सत्ता में लौटने की उम्मीद कर रही है।

लेकिन ज़मीनी स्तर पर लोगों का कहना है कि, भाजपा और जद (यू) दोनों के समर्थन आधार में बड़ी गिरावट आई है। यह सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए बुरी खबर है, भले ही एग्ज़िट पोल्स एक चमकीली तस्वीर पेश कर रहे हों। इतिहास बताता है कि बिहार के मामले में एग्ज़िट पोल्स शायद ही कभी सही साबित हुए हों।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार की जान ली

- जयपुर-सीकर हाईवे पर बाइक को कुचलने के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया।

जयपुर, 13 नवम्बर। हरमाड़ा थाना इलाके के सीकर हाईवे पर गुरुवार को फिर एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक की जान ले ली और दूसरे को गंभीर रुप से घायल कर दिया। हादसे के बाद डंपर चालक गाडी छोड मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भिजवाया। वहीं, मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया।

दुर्घटना थाना वेस्ट में तैनात हेड कॉन्स्टेबल भरत सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश निवासी सोनू (30) अपने साथ गौरीशंकर (29) निवासी बरवाड़ा सामोद निवासी के साथ सोलर प्लांट लगाने का काम करता है। दोनों दोस्त गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे अपने किसी काम से सीकर हाईवे पर स्थित टोडी मोड़ तिराहे से होते हुए चौमू से जयपुर आ रहे थे। इसी दौरान टोडी मोड़ पर तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक को जोरदार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'अगर सरकार नहीं बनी तो नीतीश का हम क्या करेंगे'

### भाजपा में इस असमंजस की स्थिति को लेकर काफी सोच व चिंतन चल रहा है

- इस संभावना से भाजपा नेतृत्व में भी मतभेद उभरने लगे हैं, पार्टी की चुनावी रणनीति को लेकर।
- साथ ही भाजपा व आरएसएस में भी इस विषय से खिंचाव पैदा हो रहा है कि क्या नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट नहीं करने का निर्णय सही था।
- भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने पक्का मन बना लिया था कि नीतीश को मुख्यमंत्री नहीं बनाना चाहिए और भाजपा को बिहार में अपनी स्वतंत्र पहचान बनानी चाहिए।
- भाजपा के रणनीति विशेषज्ञ भी अब यह स्वीकार कर रहे हैं कि अगर आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरती है और कांग्रेस का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर होता है तो मोमैन्टम तेजस्वी यादव के पक्ष में हो जाएगा, इसलिए आरजेडी बड़ा आक्रामक रूख अपना रही है और भाजपा को किसी भी तरह से राजनीतिक चालबाजी का मौका नहीं देना चाहती तथा जल्द से जल्द बहुमत प्रदर्शित करना चाहती है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। बिहार में 14 नवंबर को होने वाली मतगणना से ठीक पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व में असमंजस और बेचैनी का माहौल है। चिंता इस बात की है कि अगर पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर नहीं उभरती, तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कैसे निपटा जाए।

अत्यधिक महत्वपूर्ण बिहार विधानसभा चुनाव को भाजपा के लिये प्रतिष्ठा की लड़ाई माना जा रहा था, लेकिन इसके नतीजे आने से पहले ही पार्टी के राज्य और केन्द्रीय नेतृत्व के बीच रणनीति, नेतृत्व और भविष्य के गठबंधनों को लेकर पुराने मतभेद, अप्रत्याशित रुप से, फिर उभर आए हैं।

भाजपा के वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार, "नीतीश फैक्टर" ने बिहार भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) दोनों के भीतर गहरी हलचल पैदा कर दी है। अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि मुख्य विवाद उस राजनीतिक जोखिम को लेकर है, जो भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा न बनाकर उठाया, जबकि पार्टी के कुछ कार्यकर्ता और मतदाता जमीनी स्तर पर उनके जबरदस्त समर्थक थे।

पटना में भाजपा के एक शीर्ष पदाधिकारी ने स्वीकार किया कि नेतृत्व ने शायद नीतीश कुमार की निरंतर राजनीतिक प्रासंगिकता को कम करके आंका। उन्होंने कहा, "केन्द्रीय नेतृत्व बिहार में भाजपा की स्वतंत्र पहचान स्थापित करने के लिए कटिबद्ध था।" लेकिन अब पीछे मुड़कर देखें तो नीतीश को अलग रखना महंगा साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि अगर नतीजों के बाद संख्या बल की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सख्त सुरक्षा इंतजामात के बीच सुबह आठ बजे मतगणना शुरु होगी पटना में

### भाजपा ने जीत की खुशी में आयोजित होने वाले आयोजनों के लिए भारी मात्रा में लड्डुओं का ऑर्डर दिया है

- माल बनाने वाले भी बहुत खुश हैं, चाहे जो जीते और जो हारे, उनका धंधा खूब चलेगा शुक्रवार को।
- सुरक्षा व्यवस्था दो चक्रों में की गई है, अंदर का चक्र केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल को सौंपा गया है तथा बाहरी चक्र राजकीय पुलिस संभालेगी।
- वोटिंग मशीनें डबल लॉक सिस्टम से सुरक्षित कर स्ट्राँग रूम में रखी गई हैं तथा 7.4 करोड़ मतदाताओं का निर्णय दोपहर तक सामने आ जाएगा।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। 2025 बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले, जहाँ एक ओर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, वहीं, दूसरी ओर जश्न की तैयारियाँ भी जोरों पर हैं। भाजपा ने अपनी संभावित जीत के जश्न के लिए लड्डुओं का ऑर्डर दे दिया है।

पटना में माला बेचने वाले भी उम्मीद कर रहे हैं कि जीत चाहे किसी भी पक्ष की हो, उनका कारोबार तो अच्छा ही रहेगा।

मतगणना शुक्रवार, 14 नवंबर को सुबह 8 बजे शुरु होगी। अगर एग्ज़िट पोल सही साबित हुए और सत्तारुढ़ एनडीए (जेडीयू-भाजपा गठबंधन) की लहर चली, तो शुरुआती रुझान जल्द ही साफ हो सकते हैं।

इसी बीच, विपक्ष ने गुरुवार को एक बार फिर "चुनावी गड़बड़ी" की आशंका जताई है और कहा है कि हाल के समय में एग्ज़िट पोल तो कई बार गलत साबित हुए हैं।

नतीजे तय करेंगे कि क्या राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार एक बार फिर शपथ लेंगे, या फिर विपक्षी महागठबंधन, जिसमें इंडिया ब्लॉक की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नई भर्ती में 2021 के अभ्यर्थियों को आयु में छूट नहीं

- हाई कोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाई।

जयपुर, 13 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पेपर लीक से प्रभावित एसआई भर्ती-2021 में शामिल रहे अभ्यर्थियों को साल 2025 की भर्ती में आयु सीमा में छूट देने के संबंध में एकल पीठ की ओर से दिए आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। अदालत ने माना कि एकलपीठ की ओर से अपने आदेश में की गई टिप्पणियां अनावश्यक थीं। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की अपील को स्वीकार करते हुए दिए।

अपील में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि एकलपीठ के समक्ष केवल यह विचारणीय बिंदु था कि एसआई भर्ती-2021 में शामिल हुए अभ्यर्थियों को नई भर्ती में आयु सीमा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मोदी सरकार की लाल किले के पास हुए आतंकवादी विस्फोट पर प्रतिक्रिया कुछ ज्यादा संयमित नहीं थी?

### द वायर के संपादक सिद्धार्थ वर्धराजन ने इस संयमित प्रतिक्रिया का कारण ट्रंप व अमेरिका की अपरिपक्व सोच बताया

- शायद सरकार को आशंका थी कि यह कहना मुश्किल है कि ट्रंप इस विध्वंसकारी गतिविधि का कौन सा पहलू पकड़ कर अनर्गल बयानबाजी शुरु कर दें, जैसा ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुआ था।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। दिल्ली में सोमवार को लाल किले के पास हुये बम विस्फोट में 13 लोगों की मौत के बाद मोदी सरकार की प्रतिक्रिया बेहद संयमित रही। मंगलवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केवल एक सामान्य प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें न तो किसी संगठन का नाम लिया गया, न ही किसी देश पर उंगली उठाई गई। यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस कड़े बयान से बिल्कुल अलग थी, जो उन्होंने 12 मई को "ऑपरेशन सिंदूर" को "रोकने" के तुरंत बाद दिया था:

"पहला, अगर भारत पर आतंकी हमला होता है, तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा...

"दूसरा, भारत किसी भी तरह के परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत उन आतंकी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा, जो परमाणु धमकियों की आड़ में विकसित हो रहे हैं...

"तीसरा, हम आतंकवाद को पोषित करने वाली सरकार और आतंक के सूत्रधारों के बीच कोई फर्क नहीं करेंगे।

"द वायर" के सम्पादक सिद्धार्थ वरदराजन लिखते हैं, दिल्ली धमाके के बाद दिखाई गई इस संयमित प्रतिक्रिया का कारण शायद यह है कि घटना की पूरी तस्वीर अभी साफ़ नहीं है। हालाँकि यह सवाल भी उठता है कि अगर स्थिति इतनी अस्पष्ट थी तो प्रधानमंत्री ने पहले से इतना आक्रामक और अव्यावहारिक रुख क्यों अपनाया था। वे यह भी लिखते हैं कि यह इसलिए भी हो सकता है कि प्रधानमंत्री को पता है कि जब भारत ने पहले पहलगाम हमले के बाद सैन्य कार्रवाई की थी तो विश्व समुदाय, खासकर अमेरिका और उसके राष्ट्रपति, ने कैसी प्रतिक्रिया दी थी।

सरकार की चुप्पी के बावजूद, मीडिया के कुछ हलकों में "तुर्की एंगल" को लेकर अटकलें शुरू हो गईं। इस पर अंकारा (तुर्की) ने कड़ा बयान जारी करते हुए "भारत और तुर्की के द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही दुष्प्रचार मुहिम" की कड़ी निंदा की।

विजयता सिंह कहती हैं, जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा जिस "आतंकी मॉड्यूल" की जांच की जा रही है, उससे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भारत ने लद्दाख में 1962 से बंद एयर बेस चालू किया

- वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सामारिक रुप से महत्वपूर्ण एयर बेस का उद्घाटन किया।

नयी दिल्ली, 13 नवम्बर। भारत ने पूर्वी लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियों को पुख्ता करते हुए चीन के साथ 1962 की लड़ाई के बाद से बंद पड़े सामरिक रूप से महत्वपूर्ण न्योमा एयर बेस को एक बार फिर से सक्रिय रूप से चालू कर दिया है।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बुधवार को खुद वहां जाकर इसका उद्घाटन किया। एयर चीफ मार्शल वायु सेना के भारी भरकम मालवाहक विमान सी-130 जे से वहां उतरे और एयर बेस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ वायु सेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख भी थे।

दुनिया के सबसे ऊंचे हवाई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बांग्लादेश सरकार इस्लामिक ताकतों के आगे झुकी तथा फरवरी 2026 में चुनाव कराने की घोषणा की

### बांग्लादेश की इस्लामिक ताकतें नहीं चाहती थीं कि अन्य राजनीतिक दलों को मौका मिले चुनाव प्रचार करने का या संगठित होने का और यकायक चुनाव करा दिये जाएं

- जैसा कि विदित ही है, प्रमुख राजनीतिक पार्टी अवामी लीग पर अभी भी प्रतिबंध लगा हुआ है तथा राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने का मौका नहीं दिया गया है उन्हें।
- गत वर्ष विद्यार्थियों के एक आंदोलन में अवामी लीग की सरकार का तख्ता पलट कर नया भ्रष्टाचार युक्त सिस्टम स्थापित करने का संकल्प लिया था।
- अभी छात्र आंदोलन भी चुनाव करवाने के पक्ष में नहीं हैं व नया संविधान बनाना चाहते हैं, जिससे बहु जाति, बहु धर्म, बहु भाषा से सुसज्जित राष्ट्र बने बांग्लादेश।
- पर, किसकी चलेगी, राष्ट्रवादी छात्र आंदोलन की या इस्लामिक ताकतों की, जो पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से सहयोग करना चाहती है, इस्लामिक एकता के नाम पर।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 नवंबर। पड़ोसी देश बांग्लादेश फरवरी 2026 में आम चुनाव कराने जा रहा है। इसी के साथ एक "राष्ट्रीय चार्टर" पर जनमत संग्रह भी कराया जाएगा। फरवरी में चुनाव कराने की इस अचानक घोषणा से कई लोग हैरान हैं, क्योंकि इसके लिए तैयारी का समय बहुत कम बचा है।

वर्तमान अंतरिम सरकार, जिसके मुखिया मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस हैं, एक तरह से बांग्लादेश की राजनीति में इस्लामिक ताकतों के दबाव में झुकती दिख रही है, क्योंकि इन्हीं तत्वों ने जल्दी चुनाव कराने की मांग की थी, ताकि मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियाँ अचंभे में पड़ जाएँ और तैयारी न कर सकें।

भारत के दृष्टिकोण से बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से चुनी गई सरकार का गठन स्वागत योग्य होगा, लेकिन अंतरिम सरकार के कुछ कदम, खासकर इस्लामिक और आतंकी संगठनों को फिर से बांग्लादेश में पैर जमाने की अनुमति देना, भारत के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता का कारण बन रहे हैं।

हाल की रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान के कुख्यात आतंकी मसूद अजहर का एक शीर्ष सहयोगी हाल ही में बांग्लादेश में था। उसने भारत-बांग्लादेश सीमा के कुछ हिस्सों का दौरा भी किया, संभवत: भारत के खिलाफ किसी गतिविधि की योजना के लिए। ऐसी खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तान भी बांग्लादेश में अपने भारत-विरोधी षड्यंत्रों के लिए फिर से प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

वर्तमान सत्तारूढ़ तत्व कट्टर भारत-विरोधी हैं और उन्होंने पाकिस्तान और उसके आतंकी संगठनों को बांग्लादेश में अपनी पकड़ मज़बूत करने में मदद दी है।

इन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी ने मांग की है कि बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तभी संभव हैं, जब आवामी लीग पर लगा प्रतिबंध हटाया जाए। अवामी लीग, जिसने देश की आज़ादी के बाद अधिकांश समय शासन किया, को सरकार के खिलाफ सफल जनविद्रोह के बाद प्रतिबंधित कर दिया गया था।

पिछले वर्ष हुए छात्र आंदोलन ने अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया और प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया। शेख हसीना भारत में शरण लेकर अब यहीं रह रही हैं। बांग्लादेश सरकार ने भारत से उन्हें सौंपने की मांग की है, ताकि उनके विरुद्ध चल रहे मुकदमे की सुनवाई आगे बढ़ाई जा सके।

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन और व्यापक हिंसा के बाद, आंदोलनकारी छात्र नेताओं और अन्य समूहों ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं, 9 की मौत

- ब्रेक फेल होने से ट्रक कार से टकराया, जो कंटेनर से टकराई और आग लग गई, फिर और गाड़ियां टकराती गईं।

पुणे, 13 नवम्बर। पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम एक ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार से टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। ट्रक भी जल गया।

हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

ज्ञानी जन विवेक से सीखते हैं, साधारण मनुष्य अनुभव से, अज्ञानी पुरुष आवश्यकता से और पशु स्वभाव से। –कौटिल्य

# ईज ऑफ जस्टिस के बिना अधूरी है, ईज ऑफ डूईंग तथा ईज ऑफ लिविंग की परिकल्पना

दिनांक 8–9 नवम्बर, 2025 को दिल्ली में नालसा (नेशनल लिगल सर्विसेज ऑथोरिटी) द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली की प्रिमीसेज में आयोजित किया जाता था। चर्चा का विषय था 'कानूनी सहायता वितरण तंत्र को सशक्त बनायें'। इसका उद्‌घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया था। अपने उद्‌घाटन भाषण में मोदी ने कहा, 'कानूनी सहायता वितरण तंत्र की दृढ़ता तथा कानूनी प्रक्रिया से सम्बन्धित यह कार्य प्रणाली न्यायिक व्यवस्था को शक्तिशाली धरातल देगा अतः आयोजन के हेतु आप सबको बधाई देता हूँ। साथ ही मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ईज ऑफ जस्टिस के बिना ईज ऑफ डूईंग और ईज ऑफ लिविंग तभी संभव है जब ईज ऑफ जस्टिस अर्थात् न्याय आसानी से अन्तिम व्यक्ति तक पहुँच सके। मोदी ने ईज ऑफ जस्टिस पर यह भी घोषित किया कि कानून की भाषा सरल सुगम्य होनी चाहिये ताकि न्याय प्राप्त करने वाला व्यक्ति इसे समझ सके।

राष्ट्रीय अधिवेशन में जस्टिस सूर्यकान्त की उपस्थिति बहुत ही प्रभावशाली थी। अपने Valedictory भाषण में उन्होंने ईज ऑफ जस्टिस की बहुत सुन्दर व्याख्या की। जस्टिस सूर्यकान्त नालसा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। उनका कहना है कि नालसा ने न्याय की चाह को देश के कोने–कोने तक पहुँचाया है। वहाँ तक पहुँचाया है जहाँ वे लोग हैं, जो देश की निगाहों में खो चुके थे, जिनकी आवाज अनसुनी थी।

राष्ट्रीय अधिवेशन दो दिन का था। कई विषयों पर चर्चायें इन दो दिनों में की गईं। जस्टिस सूर्यकान्त ने ऑपनिंग सेशन्स में "Institutional Defence for Inclusive Justice" विषय पर चर्चा प्रारम्भ करते हुये नालसा की भूमिका को सराहा। उन्होंने पेनल लॉयर्स (PLVS) द्वारा कानूनी सहायता दिये जाने को अभूतपूर्व कर्म की संज्ञा दी।

जस्टिस सूर्यकान्त के अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और जस्टिस विक्रमनाथ का भाषण भी बहुत प्रभावशाली व ज्ञानवर्धक था। ईज ऑफ जस्टिस की भूमिका का विस्तार से उन्होंने विवेचन किया था उनका कहना था न्याय के दरवाजे सबके लिये खुले हैं, यहाँ धर्म जाति आदि के भेदभाव का कोई बंधन नहीं है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने जो नालसा के Patron-in-Chief हैं, ने उन न्यायायिक अधिकारियों को जो डेपूटेशन पर भेजे जाते हैं, आव्हान करते हुये कहा कि न्याय आसान हो, तब ही सम्भव है, जब वह संवेदनशील और मानवीय होकर न्याय चाहने वालों तक सुगम व त्वरित गति से पहुँचाया जा सके।

न्याय केवल वह न्याय नहीं है जो विवाद होने पर दो पक्षों में के मध्य न्यायालय करता है। संविधान के प्रियम्बल में तीन प्रकार के न्याय की बात कही गई है सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय। इसे क्रमशः हम देखें तो पायेंगे कि सामाजिक न्याय की प्रथम आवश्यकता तथा आर्थिक न्याय दूसरे और राजनीतिक न्याय तीसरे स्थान पर रहता है।

**राष्ट्रीय अधिवेशन में, जिसका उल्लेख ऊपर किया है देश के प्रधानमंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है कि न्याय की भाषा वही हो जो न्याय पाने वाले को समझ में आये। संविधान की 8वीं अनुसूची में दी गई भाषायें ही भारत की भाषायें हैं इनमें विदेशी भाषा अंग्रेजी का कोई स्थान नहीं है। फिर अंग्रेजी अभी तक क्यों?**

इस देश में पैदा होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मूल अधिकार दिये हैं, जिनका उल्लेख संविधान के तीसरे अध्याय में दिये हैं। ये राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक अधिकार हैं। दूसरे व तीसरे अधिकारों का उल्लेख संविधान के चतुर्थ चेप्टर में दिये हैं। इनकी पूर्ति करना राज्य का कर्त्तव्य है।

आरक्षण का अधिकार सामाजिक न्याय का एक पहलु है। संविधान ने अनुच्छेद 14 में घोषित किया कि राज्य देश में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा। अनुच्छेद 15 में धर्म, जाति, या जन्म स्थान लिंग के आधार पर विभेद का प्रतिषेध किया गया है।

न्याय आसान तभी होगा जब न्याय सभी को मिले, जिसे नागरिक अपनी भाषा में समझे। जीवन को आसान बनाने के हेतु न्याय में सुगमता और पहुँच तथा त्वरित जरूरी है।

मोदी जी ने सही कहा है कि न्याय में सुगमता सुनिश्चित हो, न्याय सभी के लिये हो, समय पर मिले, हर व्यक्ति तक पहुँचे वह भी सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से बिना भेदभाव किये। न्याय प्रत्येक पीडित व्यक्ति को उसकी अपनी भाषा में मिले।

हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट की भाषा अंग्रेजी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को जहाँ 7 माननीय जज एक बात कहते हैं तो 6 न्यायाधीश दूसरी बात। जब इस पहेली का निर्णय बडे–2 न्यायाधीश भी नहीं कर पाये हैं तो एक बिना लिखा व्यक्ति क्या उस निर्णय को समझ सकता है। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की पीठ के कई निर्णय हैं जहाँ वे आपस में सहमत नहीं है, फिर गरीब के पास साधन कहाँ है कि जीवन भर मुकदमा लड़ता रहे? वह तो भूखा ही कोर्ट गया था भूखा ही मर जावेगा।


वर्तमान समय में सुप्रीम कोर्ट ने 80000 से ज्यादा निर्णयों का 18 भारतीय भाषाओं में अनुवाद कराया है। यह एक सराहनीय कदम है। पुराने सैकड़ों कानूनों को समाप्त किया है नये युग के हेतु नये कानून बनाये हैं 1949 में जब आजादी के बाद राजस्थान राज्य बना, उस समय राजस्थान हाईकोर्ट की भाषा हिन्दी थी (देखिये राजस्थान हाईकोर्ट ऑर्डिनेन्स, 1949)। आज भी देश के हाईकोर्ट्स व सुप्रीम कोर्ट की भाषा अंग्रेजी ही है। हाँ राजस्थान में 1987 के बाद से हिन्दी में कुछ नगण्य निर्णय हुये हैं। किन्तु सुप्रीम कोर्ट की भाषा अंग्रेजी है। अनुच्छेद 348 के अनुसार सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट्स में प्रयोग की जाने वाली अंग्रेजी भाषा रखी गई है किन्तु यह प्रतिबंध स्थायी नहीं है, संसद कानून बनाकर हिन्दी को उसका स्थान दे सकती है। हिन्दी राज्य भाषा है, इसमें कोई शंका नहीं है। (पढ़िये अनुच्छेद 343)।

उपरोक्त राष्ट्रीय सम्मेलन ने सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश और नये होने वाले मुख्य न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशों ने तथा पी एम मोदी ने एक स्वर में कहा है कि न्याय आसान हो वह तभी हो सकता है जब न्याय प्रत्येक व्यक्ति अपनी भाषा में समझे। फिर समझ से परे है कोर्ट्स की भाषा अंग्रेजी क्यों है, क्यों नहीं संसद इस हेतु कानून बना दे? संविधान के अनुच्छेद 120 में संसद की भाषा हिन्दी 26 जनवरी 1965 के बाद हो चुकी है तो फिर विलम्ब क्यों? राष्ट्रीय अधिवेशन में, जिसका उल्लेख ऊपर किया है देश के प्रधानमंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है कि न्याय की भाषा वही हो जो न्याय पाने वाले को समझ में आये। संविधान की 8वीं अनुसूची में दी गई भाषायें ही भारत की भाषायें हैं इनमें विदेशी भाषा अंग्रेजी का कोई स्थान नहीं है। फिर अंग्रेजी अभी तक क्यों? लेखक के कहने का यह अभिप्राय नहीं है कि अंग्रेजी के प्रयोग को तत्काल समाप्त कर दिया जावे। हाँ, इसका प्रयोग प्रारम्भ कर दिया जावे और 15 वर्ष की अवधि के बाद सुप्रीम कोर्ट का कार्य पूर्ण रूप से हिन्दी में स्वतः हो।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# भगवान बिरसा मुंडा और गोविंद गुरु : जनजातीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता चेतना के अमर प्रतीक



भजनलाल शर्मा

भारत का स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आदिवासी समाज ने अपने साहस, स्वाभिमान और अदम्य इच्छाशक्ति से अंग्रेज साम्राज्य की नींव हिला दी। इनमें भगवान बिरसा मुंडा का नाम सर्वोपरि है। बिरसा मुंडा ने अपने अल्प जीवन में ही आदिवासी चेतना, स्वतंत्रता और संस्कृति की मशाल जलाकर एक अमर अध्याय रचा।

झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु गांव में 15 नवंबर 1875 को जन्मे बिरसा मुंडा ने यह दिखा दिया कि आयु नहीं, उद्देश्य की गहराई ही इतिहास रचती है। मात्र 25 वर्ष की आयु में वे ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक विराट आंदोलन के जनक बने। उन्होंने आदिवासी समाज को 'उलगुलान' अर्थात महान जनविद्रोह के लिए संगठित किया। यह केवल अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ नहीं, बल्कि जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की पुनः प्राप्ति का आंदोलन था।

बिरसा मुंडा का उदघोष अबुआ दिशुम, अबुआ राजअर्थात हमारा देश, हमारा राज आदिवासी अस्मिता की पहचान बन गया। उन्होंने अंग्रेजों के आदिवासियों की पारंपरिक खुंटकटी व्यवस्था समाप्त करने के भूमि कानूनों को चुनौती दी। आदिवासियों की भूमि बाहरी जमींदारों और महाजनों के कब्जे में चली गई थी। बिरसा ने इस अन्याय के विरुद्ध स्वराज का शंखनाद किया।

उनका संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक भी था। उन्होंने 1895 में एकेश्वरवाद पर आधारित बिरसाइत धर्म की स्थापना की। उन्होंने अपने अनुयायियों को अंधविश्वास, शराब, जादू–टोना और पशु बलि जैसी कुरीतियों से मुक्त होकर सत्य, संयम और सेवा का मार्ग अपनाने का संदेश दिया। उनका संदेश था कि ईश्वर हर मनुष्य में विद्यमान है, सच्ची पूजा सेवा में है। उन्होंने औषधीय जड़ी–बूटियों से लोगों का उपचार किया। उन्हें आत्मनिर्भरता सिखाई और आत्मसम्मान की भावना जगाई। उनके विचारों ने आदिवासी समाज को यह विश्वास दिया कि वे स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हैं। ब्रिटिश सरकार ने 3 फरवरी 1900 को गिरफ्तार कर उन्हें रांची जेल में बंद कर दिया। मात्र 25 वर्ष की आयु में 9 जून 1900 को उनकी रहस्यमय मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद भी आंदोलन की लहर नहीं थमी। उनकी स्मृति में छोटा नागपुर टेनेंसी एक्ट, 1908 लागू हुआ। आदिवासियों की भूमि की रक्षा के लिए यह ऐतिहासिक कानून सिद्ध हुआ।

बिरसा मुंडा की रांची के कोकर में स्थित समाधि पर हजारों लोग हर वर्ष उन्हें नमन करते हैं। उनकी तस्वीर संसद भवन में स्थापित है और उनके जन्मदिन 15 नवंबर को भारत सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना आरंभ किया है। यह केवल उन्हें श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक आदिवासी वीर को सम्मान देने का प्रतीक है।

**राजस्थान की जनजातीय चेतना : गोविन्द गुरु का आंदोलन**

बिरसा मुंडा के समानांतर, राजस्थान की भूमि पर भी गोविन्द गुरु के नेतृत्व में एक ऐसी ही तेजस्वी क्रांति हुई और वे बांसवाड़ा–डूंगरपुर क्षेत्र में जनजातीय समाज के पथप्रदर्शक बने। उन्होंने भील, गरासिया और अन्य जनजातियों में व्याप्त अंधविश्वास, मद्यपान और शोषण के खिलाफ आंदोलन चलाया। गोविन्द गुरु ने भगत आंदोलन के माध्यम से आदिवासियों को अपनी भूमि, जल और जंगल की रक्षा स्वयं करने का संदेश दिया। उन्होंने सत्य, संयम और एकता को जीवन का आधार बनाया। उनका आंदोलन धीरे–धीरे सामाजिक सुधार से बढ़कर स्वतंत्रता संग्राम का रूप ले गया।

गोविन्द गुरु के नेतृत्व में मानगढ़ पहाड़ी पर 17 नवंबर 1913 को हजारों भील पुरुष, महिलाएं और बच्चे स्वतंत्रता के लिए एकत्र हुए। अंग्रेज सेना ने इस शांतिपूर्ण सभा पर गोलियां चला दीं और सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों घायल हुए। यह घटना राजस्थान का जलियांवाला बाग कहलाती है। गोविन्द गुरु को आजीवन कारावास दिया गया, लेकिन उनकी चेतना ने आदिवासी समाज को सदा के लिए जागृत कर दिया।

राजस्थान के मोती भाई, कालूजी, नाथू जी और जोगिया भील सहित अन्य भील नेताओं ने भी स्थानीय स्तर पर अंग्रेजी शासन को चुनौती दी। यह संघर्ष किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और न्याय की पुकार था। आज भी मानगढ़ पहाड़ी जनजातीय शौर्य और बलिदान का पवित्र तीर्थ है।

आज जब भारत विकास के नए अध्याय लिख रहा है, बिरसा मुंडा के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हो उठे हैं। उनका सन्देश प्रकृति के साथ सामंजस्य, संस्कृति के प्रति सम्मान और समाज के प्रति संवेदना और सतत विकास की असली नींव का था।


भारत सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान और जनजातीय दर्पण जैसे अनेक कार्यक्रम आरंभ किए हैं। यह सभी कार्यक्रम बिरसा मुंडा की प्रेरणा से ही जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर हैं।

भगवान बिरसा मुंडा और गोविन्द गुरु जैसे जननायक केवल इतिहास के अध्याय नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिखाया कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक अधिकार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, संस्कृति और न्याय की चेतना है। उनके संघर्ष ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत की आज़ादी की जड़ें गांवों, वनों और पर्वतों की मिट्टी में भी गहराई से धंसी हुई है। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनकी उस लौ को सदैव प्रज्वलित रखें जो जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ मानवता, समानता और स्वराज की राह दिखाती है। भगवान बिरसा मुंडा केवल धरती आबा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के अमर दीप हैं।

**–भजनलाल शर्मा,**
**मुख्यमंत्री, राजस्थान**

# औपनिवेशिक शोषण के विरोध व आदिवासी पहचान के प्रतीक बिरसा मुंडा को पीएम मोदी की सच्ची श्रद्धांजलि

## राजस्थान सहित देशभर में धरती आबा अभियान से जनजाति वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा, राजस्थान देश में नम्बर-1



कुंजीलाल मीणा, आईएएस

15 नवम्बर को जब हम जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं, महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भगवान बिरसा मुंडा को याद करना न केवल हमारा कर्तव्य है बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक भी है। "धरती आबा" यानी धरती के पिता के नाम से प्रसिद्ध बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में राष्ट्र और जनजाति समुदाय के लिए जो कार्य किए, वे सदियों तक प्रेरणा देते रहेंगे।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को झारखंड के उलिहातू गाँव में हुआ था। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही आदिवासी समाज पर ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और ईसाई मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को महसूस किया। बिरसा मुंडा का जीवन ब्रिटिश उपनिवेशवाद, साहूकारों के शोषण और जमींदारी प्रथा के क्रूर गठजोड़ के खिलाफ एक अटूट संघर्ष था। उन्होंने देखा कि किस तरह उनकी मुंडा जनजाति की खुंटकट्टी (सामुदायिक स्वामित्व) कृषि प्रणाली को छीना जा रहा है और उन्हें बेगार (बंधुआ मजदूरी) करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। 19वीं शताब्दी के अंत तक ब्रिटिश शासन ने अपने क्रूर वन कानूनों (जैसे भारतीय वन अधिनियम 1865 और 1878) के माध्यम से आदिवासियों को उनकी पारंपरिक वन भूमि से वंचित कर दिया। उन्होंने जंगलों को व्यावसायिक लाभ के लिए आरक्षित वन घोषित कर दिया जिससे आदिवासियों को लकड़ी काटने, मवेशी चराने, वनोत्पाद इकट्ठा करने या पारंपरिक शिकार करने से रोक दिया गया। इससे आदिवासियों की आजीविका और उनकी प्राचीन जीवनशैली पर सीधा हमला हुआ। बिरसा मुंडा ने इस शोषणकारी नीति और पर्यावरणीय विनाश के खिलाफ पुरजोर आवाज़ उठाई। उनका मानना था कि भूमि, जल और जंगल पर आदिवासियों का सामूहिक अधिकार है और इन संसाधनों का उपयोग केवल सतत और न्यायपूर्ण तरीके से ही किया जाना चाहिए, न कि अनियंत्रित दोहन के लिए।

इस शोषण के विरुद्ध उन्होंने उलगुलान (महान विप्लव) आन्दोलन का आव्हान किया। यह केवल भूमि के लिए विद्रोह नहीं था, जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों के पैतृक अधिकार, उनकी संस्कृति और उनकी पहचान को बचाने की लड़ाई थी। बिरसा ने आदिवासियों को एकजुट किया, उनके बीच व्याप्त जाति और उपजाति के भेदों को मिटाया और उन्हें यह एहसास दिलाया कि वे भी सम्मान और अधिकारों के पात्र हैं। उन्होंने अपने लोगों को यह सिखाया कि अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाना और अपनी गरिमा के लिए लड़ना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्होंने आदिवासियों को उनकी पारंपरिक न्यायिक प्रणाली, जैसे पड़ा पंचायत और मानकी–मुंडा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरित किया ताकि वे अपने विवादों का निपटारा स्वयं कर सकें और बाहरी अदालतों पर निर्भर न रहें। उनका अबुआ राज (अपना राज) का विचार केवल ब्रिटिश शासन से राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, बल्कि एक ऐसे समाज की कल्पना थी जहाँ सभी को समान अधिकार मिलें, जहाँ किसी भी प्रकार का शोषण न हो और जहाँ हर व्यक्ति गरिमापूर्ण जीवन जी सके।

बिरसा मुंडा ने अपने अनुयायियों को संगठित किया, उन्हें शस्त्रों के बजाय आत्म–विश्वास और सत्यनिष्ठा का बल दिया। 1897–1900 का बिरसा आंदोलन ब्रिटिश दमनकारी नीतियों एवं सामाजिक अन्याय के खिलाफ एक प्रत्यक्ष और सशक्त चुनौती थी, जिसमें आदिवासियों ने अपने अधिकारों के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संगठित विरोध किये। जनवरी, 1900 में डोम्बरी पहाड़ी पर जन सभा को संबोधित करते वक्त अंग्रेज सेना के साथ बिरसा मुंडा का टकराव हुआ एवं फरवरी में चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से अंठोजों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बिरसा मुंडा को अंग्रेजों ने कैद कर रांची कारागार में रखा, जहाँ अंठोजों द्वारा इस आदिवासी महानायक को कई कठोर याजनाऐं देते हुए अन्ततः कारागार में बिरसा मुंडा जी की रहस्यमी परिस्थितियों में 9 जून, 1900 को मृत्यु हो गई।

बिरसा मुंडा केवल एक महान योद्धा ही नहीं थे, अपितु एक दूरदर्शी समाज सुधारक भी थे। उन्होंने देखा कि जनजाति समुदाय में असंगठन, अशिक्षा, आर्थिक तंगी का गलत लाभ उठाते हुए ईसाई मिशनरियों द्वारा भोले–भाले आदिवासियों का धर्मान्तरण किया जा रहा है एवं आदिवासियों को उनकी गौरवशाली प्राचीन परम्पराओं से विमुख किया जा रहा है। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को उनके धर्म एवं परम्पराओं से जोड़ने के लिए कमर कसी एवं लगभग 1894–95 के आसपास बिरसा ने एक आध्यात्मिक और सामाजिक–धार्मिक आंदोलन की शुरुआत की, जिसे बिरसाइत पंथ के नाम से जाना जाता है।

यह पंथ मूल मुंडा परंपराओं और एकेश्वरवाद का एक अनूठा संगम था, जिसमें केवल सिंगबोंगा (सूर्य देवता) की पूजा पर जोर दिया गया और जनजाति समुदाय में साफ–सफाई, शुद्धता तथा नैतिकता को जीवन का आधार माना गया। उन्होंने जनजातीय समुदाय को अंधविश्वासों, पशु बलि और नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने का उपदेश दिया। उनका यह प्रयास दिखाता है कि उन्होंने केवल बाहरी शत्रुओं से नहीं बल्कि आंतरिक बुराइयों से भी लड़ने का बीड़ा उठाया था। बिरसा मुंडा की शहादत के वर्षों बाद भी, उनका संदेश आज भी गूँजता है। उनके संघर्ष ने जनजातीय समुदायों को अधिकार और न्याय के लिए लड़ना सिखाया। उनकी प्रेरणा से ही, देश में वन अधिकार अधिनियम ,पेसा कानून और जनजातीय हितों की सुरक्षा के लिए कई संवैधानिक प्रावधान लागू हुए हैं।

बिरसा मुंडा हमें सिखाते हैं कि सच्चा नेतृत्व संसाधनों या उम्र से नहीं, बल्कि साहस, नैतिकता और अपने लोगों के प्रति समर्पण से मापा जाता है। आज के भारत में, जब हम समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की बात करते हैं, तब हमें बिरसा मुंडा के उस सपने को याद रखना होगा जिसमे एक एक ऐसा समाज–निर्माण करने कि अभिलाषा है जहाँ हर व्यक्ति को गरिमा और स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार हो, और जहाँ प्रकृति का सम्मान सर्वोपरि हो। आइए, हम सब धरती आबा के दिखाए मार्ग पर चलें और उनके न्यायपूर्ण तथा समतावादी समाज के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें।

भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, ज़मीन की रक्षा के लिए जो आवाज़ उठाई, वह सिर्फ विद्रोह नहीं, आत्मसम्मान की आवाज थी। टंट्या भील, गोविंद गुरु और काली बाई जैसे योद्धाओं ने राजस्थान में इसी आवास को विस्तार से गूंज दी, इस मिट्टी को अपने लहू से सींचा ताकि आने वाली पीढ़ियाँ अपनी पहचान न भूलें।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं बिरसा की विरासत के संरक्षक :–** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस सच्चाई को गहराई से समझा कि भारत की आत्मा उसकी जनजातियों में बसती है। सरकार विरासत भी, विकास भी के सिद्धांत पर काम कर रही है ताकि जनजातीय संस्कृति को संरक्षित रखते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरसा मुंडा को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए धरती आबा अभियान शुरू किया। जनजाति बहुल क्षेत्रों में विकास कार्य व सरकारी सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने, शिकायत निवारण प्रणाली को पूर्ण प्रभावी बनाने और जनजाति वर्ग के अधिकारों की अक्षरशः पालना, उनके कल्याण और उत्थान के लिए देशभर में संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) मामले में राजस्थान देश में नम्बर 1 पर है।

धरती आभा अभियान का मकसद अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जनजातीय समुदायों तक जागरूकता और पहुंच बढ़ाकर उनका सशक्तीकरण सुनिश्चत करना है। धरती आबा और पीएम–जनमन केन्द्र सरकार की बेहद उच्च प्राथमिकता वाले अभियान/योजनाओं में शामिल हैं, जिनकी प्रगति की मॉनिटरिंग करने तथा आवश्यकता वाले क्षेत्र में नवाचार के लिए बहुत उच्च स्तरीय सिस्टम कार्यरत है। इस अभियान में देश के 549 जिलों के 63,000 से अधिक जनजातीय बहुल गांव कवर किए गए हैं। राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लाभ संतृप्ति अभियान के रूप में संचालित इस अभियान में 207 जिलों की 29,000 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) बस्तियां शामिल हैं।

मिशन के उद्देश्यों में व्यक्तिगत अधिकारों, हकों और प्रमुख सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना, दस्तावेजों और लाभों की घर–घर डिलीवरी सुनिश्चित करना, सामुदायिक लामबंदी के माध्यम से सहभागी शासन को बढ़ावा देना शामिल है।इसके साथ ही जनजातीय युवाओं को डिजिटल योद्धा और जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने वाले के रूप में सशक्त बनाना, गांव और बस्ती स्तर पर एससीडी स्क्रीनिंग, जागरूकता और परामर्श भी मिशन की प्रमुख गतिविधियों में शामिल रहा। इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरसा मुंडा के जन्म के 150 साल बाद उनकी विरासत, उनके स्वप्न, उनकी आंकांक्षाओं को राष्ट्रीय चेतना से एकाकार कर उनके सच्चे अनुयायी की भूमिका अदा की है।

**कुंजीलाल मीणा, आईएएस,**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग,**
**राजस्थान**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 14 नवम्बर, 2025**

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 9:21 तक, वैधृति योग शनिवार प्रातः 6:26 तक, वणिज करण दिन 12:12 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:51 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–वृश्चिक, बुध–वृश्चिक, गुरू–कर्क, शुक्र–तुला, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 9:21 तक है। भद्रा दिन 12:12 से रात्रि 12:50 तक रहेगी। बुध आज पश्चिम में दिन 1:28 पर होगा। आज वैधृति पुण्य, भगवान महावीर तप, कल्याणक दिवस है। आज जवाहरलाल नेहरू जयन्ती और बाल दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:10 तक, लाभ–अमृत 8:10 से 10:51 तक, शुभ 12:11 से 1:32 तक, चर 4:12 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:50, सूर्यास्त 5:33 तक

**मेष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**वृष**
घर–परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं। आज व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या एवं व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना बन सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी एवं धन हानि हो सकती है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि हो सकती है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**कुंभ**
घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# रणकपुर महोत्सव 21 व 22 दिसम्बर को, तैयारी के निर्देश

**पाली** , (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आज गुरुवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में रणकपुर जवाई बांध महोत्सव की बैठक आयोजित हुई। हर साल की तरह इस बार भी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा जो 21 व 22 दिसंबर को भव्य रंगारंग वा सांस्कृतिक आयोजन के साथ आयोजित किया जायेगा।

बैठक में जिला कलेक्टर ने उत्सव के सफल आयोजन के लिये सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में बताया कि 21 व 22 दिसम्बर को जीप सफारी, दीपोत्सव, काइट फलाईंग ,हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी, प्रोसेसिंग हॉट एयर बैलून, कल्चर ईवनिंग आदि विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जायेगी। बैठक में उन्होंने महोत्सव के पर्याप्त प्रचार प्रसार संबंधित फ्लेक्स होर्डिंग लगाने तथा जिले की विभिन्न होटलों, जिले के विभिन्न स्थानों पर महोत्सव से संबंधित पोस्टर लगाए जाने तथा इस के लिये सहायक निदेशक पर्यटन विभाग को दिशा निर्देश प्रदान किये गए।

सहायक निदेशक पर्यटन सरिता फिडौदा ने इस अवसर पर बैठक के विभिन्न बिंदुओं को रखा। 21 दिसम्बर को स्टार नाईट कबीर कैफे व डेजर्ट सिम्फनी पर चर्चा की गयी व 22 दिसम्बर को भी स्टार नाईट के लिये आगामी दिनों में अंतिम रूप दे दिया जायेगा। साथ ही फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन फोटोग्राफी की प्रदर्शनी लगाए जाने तथा विजेता फोटोग्रफर्स को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में जिला कलेक्टर ने महोत्सव में विभिन्न मनोरंजक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। बैठक में महोत्सव में जिले के रेबारी जाति के लोगों की जीवन शैली एवं संस्कृति का प्रदर्शन - बैठक में उपस्थित सदस्यों के सुझावों के आधार पर जिले में रहने वाले रेबारी जाति के लोगों की जीवन शैली तथा संस्कृति के प्रचार प्रसार किये जाने तथा महोत्सव के दौरान हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी / हाट बाजार के लिये व साफ-सफाई व चूना लाइन की व्यवस्था निकटतम शहरों से रणकपुर आने जाने तक बस की व्यवस्था के लिये रोडवेज को निर्देश दिये गये।

साथ ही पुलिस की माकूल व्यवस्था व पानी बिजली , चिकित्सा, फायर बिग्रेड आदि की व्यवस्था के लिये प्रचार प्रसार, पर्यटन विभाग के वालियन्टर्स, लोक कलाकारों आदि के लिए आवास एंव भोजन व्यवस्था नगर पालिका, सादड़ी की रणकपुर एवं सादड़ी में अस्थाई टेन्ट, लाईट एण्ड साउण्ड, विद्युत की व्यवस्था कलाकारों को आमत्रित करना, फ्लेक्स बेनर, कलाकारों के लिये यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था के लिये निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह ,एडीएम ओम प्रभा उपखंड अधिकारी देसूरी संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ मनोज पंवार , सहायक निदेशक पर्यटन सरिता फिडौदा, नगर निगम नगर पालिका सादडी व अन्य संबधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विकास प्रदर्शनी का आयोजन आज

**जालोर**, (कासं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत 1 से 15 नवम्बर तक जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में 14 नवम्बर, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे नगर परिषद सभागार में दो दिवसीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जिला विशिष्ट गतिविधि के अंतर्गत 14 नवम्बर को प्रातः 11 बजे नगर परिषद सभागार जालोर में दो दिवसीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

# भूमि आवंटन के लिए समिति का गठन

**जालोर**, (कासं)। जैन संतों व श्रमणों (साधु/साध्वियों) के विहार, ठहरने व प्रवचनों आदि के लिए भूमि आवंटन के लिए समिति का गठन किया गया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि राज्य सरकार के सौ दिवसीय संकल्प पत्र में "हम जैन संतों के चातुर्मास के लिए भूमि आवंटित करेंगे एवं पर्याप्त प्रोटेक्शन प्रदान करेंगे।

समाहित के निमित्त जिला कलक्टर द्वारा जैन संतों व श्रमणों (साधु/साध्वियों) के विहार, ठहरने व प्रवचनों आदि के लिए विभिन्न स्थानों पर भूमि आवंटित करवाये जाने के लिए अतिरिक्त जिला कलैक्टर जालोर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

समिति में संबंधित उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार सदस्य होंगे तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सदस्य सचिव होंगे साथ ही अध्यक्षानुसार अन्य आमंत्रित सदस्य भी होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि समिति जैन समुदाय के संस्थाओं व ट्रस्टों से प्राप्त आवेदनों व प्रस्तावों का गहन परीक्षण तथा विहार, भ्रमण व चातुर्मास के दौरान विहार, ठहरने व प्रवचनों आदि के लिए विभिन्न स्थानों पर भवन व्यवस्था/भूमि आवंटन कार्रवाई के लिए जिला कलैक्टर को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगी।

## साथू में खेल प्रतियोगिता संपन्न

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के निकट सांथू में आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रधानाचार्य श्रीमती अर्चना ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन करते हुए भामाशाह प्रेरक सुमेरसिंह राजपुरोहित व विक्रम श्रीमाली एवं भामाशाहों को प्रतियोगिता में सहयोग करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपने योगदान पर आभार जताया।

सांथू गांव में सांसद खेल महोत्सव के तहत चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि एवं पंचायत समिति जालोर के प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए। कार्यक्रम में अध्यक्षता भामाशाह जब्बरसिंह मोमताजी राजपुरोहित के प्रतिनिधि सदस्य ने की।


जोधपुर विकास प्राधिकरण

ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर

- योजना में भूखण्डों की कुल संख्या 1481 रखी गई है। जिसमें से 513 भूखण्ड ऑटोमोबाइल नगर, 653 भूखण्ड ट्रांसपोर्ट नगर तथा इनफोर्मल मार्केट हेतु 315 भूखण्ड आरक्षित किए गए हैं।
- योजना के आवंटन योग्य सामान्य भूखण्ड 1111 में से ट्रांसपोर्ट नगर हेतु 607 भूखण्ड तथा ऑटोमोबाइल नगर हेतु 504 भूखण्ड प्रस्तावित है।
- इसके अलावा ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाइल से संबंधित छोटे व्यवसायियों हेतु इनफोर्मल मार्केट में ब्लॉक ए 35 एवं ब्लॉक बी में 280 कुल 315 भूखण्ड आवंटन हेतु प्रस्तावित किए गए हैं।
- जिनकी संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामान्य भूखण्डों का आवंटन लॉटरी प्रद्धति से किया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर योजना में आवेदन पत्रों के पंजीकरण की अन्तिम तिथि 16.11.2025 तक एवं ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को 18.11.2025 तक बढ़ाया गया है। साथ ही इस योजना की लॉटरी हेतु दिनांक: 25.11.2025 प्रस्तावित की गई है।

इस योजना के आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किए जाएंगे।

ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर की आवेदन पुस्तिका तथा आवेदन की प्रक्रिया सामान्य शर्ते व ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया/विस्तृत जानकारी जेडीए पोर्टल/joda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

Jodhpur Development Authority


# बाली में पदयात्रा से एकता व अखंडता का संदेश दिया

**पाली**, (नि.सं.)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व मेरा युवा भारत पाली ने सरदार पटेल की /150वीं जयंती श्रृंखला अंतर्गत जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन गुरुवार को बाली में किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आगाज पीएमश्री राजकीय बालिका विद्यालय में हुआ। अतिथियों द्वारा सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

नगर पालिका सभापति भरत चौधरी ने युवाओं को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान का आहवान किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर सिंह ने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई। पदयात्रा महाराणा प्रताप चौक से होते हुए पृथ्वी राज चौहान सर्कल से किला मैदान से नगरपालिका होते हुए पीएमश्री राजकीय बालिका विधालय में समाप्त हुई। पदयात्रा में कार्यक्रम युवाओं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अनेकता में एकता का संदेश दिया।

मार्च के दौरान महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किये गये। मार्च के दौरान युवाओं ने तक्तियों व तिरंगे से देश भक्ति व एकता का संदेश दिया। समापन कार्यक्रम में सभापति चौधरी ने नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई।

जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि पदयात्रा में एनएसएस, मेरा युवा भारत, एनसीसी, शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग के युवा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, उपसभापति नरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर कैलाश एन मीणा, पूर्व एलडीएम धर्मेंद्र कुमार बैरवा, विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा, नगरपालिका ईओ राजल राव, बीसीएमओ हितेन्द्र वागोरिया, नायब तहसिलदार मनमोहनसिंह, अशोक शर्मा, प्राचार्य मीना परमार, पोकर राम चौधरी, नैनाराम चौधरी, मेरा युवा भारत के लेखा सहायक भंवरसिंह राजपुरोहित व भरत तोसावरा सहित ब्लॉक स्तर के कई अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. प्रवीण वैष्णव व धन्यावद ज्ञापन तहसीलदार जितेन्द्र सिंह ने किया।

## कार्यकारिणी बनी

**सायला**, (निसं)। राजस्थान पटवार संघ शाखा सायला के चुनाव निर्वाचन अधिकारी डूंगाराम मेघवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में देवीसिंह को अध्यक्ष, मंगेजलता को उपाध्यक्ष, उमाराम को महामंत्री, आसकरण सिंह को संयुक्त मंत्री, देरावरसिंह को संगठन मंत्री, सुरेश कुमार को कोषाध्यक्ष एवं श्रीमती रिंकी राव, बंटी मीणा, पारसमल और ज्ञानसिंह को क्षेत्र मंत्री/सलाहकार नियुक्त किया गया।

इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवीसिंह ने कहा कि वे पटवारियों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती और पारदर्शिता को प्राथमिकता देंगे। चुनाव के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संघ के उद्देश्यों को सशक्त रूप से आगे बढाने और संगठन की एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। चुनाव परिणाम के बाद सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

## बालोतरा में यूनिटी मार्च आज

**बालोतरा**, (निसं)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राजस्थान युवा बोर्ड, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार बालोतरा जिले में सरदार 150 यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन 14 नवंबर 2025 को होगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि यह मार्च सरदार वल्लभभाई पटेल की 15०वीं जयंती को गरिमा के साथ मनाने और उनके आदर्शों, राष्ट ीय एकता, देशभक्ति और सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।


उन्होंने बताया कि यूनिटी मार्च सुबह 10० बजे राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा से शुरू होगा। कार्यक्रम के सफल ियान्वयन के लिए जिला युवा अधिकारी को नोडल अधिकारी और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, बालोतरा को सह-नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# स्काउट गाइड जीवन जीने की कला : ओटाराम देवासी

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही में विधायक मद से बने 6 कमरों का लोकार्पण गुरुवार को ओटाराम देवासी पंचायती राज राज्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को संबोधित करते हुए ओटा राम देवासी ने कहा कि स्काउट गाइड जीवन जीने की कला है इससे जुड़कर बालक बालिकाओं मैं अनुशासन एवं सेवा की भावना बड़ों का आदर करना और टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। राज्यमंत्री ने कहा कि स्काउट मुख्यालय पर भौतिक सुविधाएं अब हो रही है, इसके साथ ही मैं स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही में दो कमरे और बनवाने के लिए 7 लाख रुपये की घोषणा और करता हूं, जिससे जिले के स्काउट गाइड छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण शिविरों के दौरान आवास की सुविधा मिलेगी। अध्यक्षता करते हुए अर्जुन राम पुरोहित जिला प्रमुख सिरोही ने कहा कि स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पर भौतिक सुविधाएं बहुत हुई हैं, इसके लिए मंत्री व सांसद को धन्यवाद। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड हमेशा सेवा के लिए तैयार रहते हैं। सी ओ स्काउट एम आर वर्मा ने जिले में आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और उन्होने कहा कि सिरोही जिले से अंतरराष्टीय स्तर तक स्काउट गाइड ने सहभागिता की है और जिला मुख्यालय पर हुए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। अतिथियों का स्काउट गाइड जिला मुख्यालय की ओर से स्कार्फ साफा, सिरोही की सुप्रसिद्ध ढाल तलवार और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य गेट पर अतिथियों का बंधावा, गार्ड ऑफ ऑनर कलर पार्टी और बैंड द्वारा स्वागत करते हुए मुख्य मंच तक पहुंचाया गया। वशिष्ट अतिथि गणपतसिंह राठौड जिला महामंत्री भाजपा, ताराराम माली पूर्व सभापति, चिराग रावल मंडल अध्यक्ष, गोपाल माली का भी स्काउट गाइड द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि देवासी ने देव नारायण आवासीय विद्यालय की 5 गाइड्स को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय द्वारा निःशुल्क स्काउट गाइड पोशाक वितरण की गई।

कई जनों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया।


ऐसे कॉल्स से सावधान रहें!

परेशान न हों - डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज़ नहीं होती

साझा न करें - निजी/वित्तीय जानकारी किसी को न बताएं

भुगतान न करें

cybercrime.gov.in पर तुरंत रिपोर्ट करें या सहायता के लिए 1930 पर कॉल करें

आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/da पर विज़िट करें

फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


# वसूली करने का आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। फलोदी पुलिस ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर जबरन वसूली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी भंवरराम के नेतृत्व में की गई।

मामला 10 नवंबर को दर्ज किया गया था, जब होपारडी निवासी रामचंद्र ने फलोदी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। रामचंद्र ने बताया कि वह कुंडल में एक जनरल स्टोर चलाते हैं।

पूजा भील उर्फ हवा नामक महिला पिछले एक साल से उनकी दुकान पर ग्राहक के तौर पर आती-जाती थी। उसने कई बार उधार सामान लिया और बाद में पैसे चुकाकर विश्वास जीता। पीड़ित रामचंद्र ने बताया कि, 22 अगस्त को जब वह फलोदी सामान लेने जा रहे थे, तो पूजा भील उन्हें कुंडल-फलोदी तिराहे पर मिली। महिला ने उनसे अपने धर्म भाई के घर छोड़ने का अनुरोध किया। जान-पहचान होने के कारण रामचंद्र उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर बताए गए स्थान पर ले गए।

वहां बाबू कसाई उर्फ अजरुद्दीन पहले से मौजूद था। गाड़ी रुकते ही अजरुद्दीन ने रामचंद्र की मोटरसाइकिल छीन ली और उसे बबूल की झाड़ियों में ले गया। इसके बाद, आरोपियों ने रामचंद्र को महिला के साथ उनके वीडियो और तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी।

उन्होंने छेड़छाड़ और बलात्कार के झूठे मामले में फंसाकर समाज में बदनाम करने की धमकी देते हुए पैसे की मांग की। डरकर रामचंद्र ने उस समय तीन हजार रुपए महिला को और ढाई हजार रुपए अजरुद्दीन को दिए। आरोपियों ने रामचंद्र के पास मौजूद सात हजार रुपए भी छीन लिए।

लगभग तीन महीने बाद, आरोपियों ने फिर से रामचंद्र से 1.50 लाख रुपए की मांग की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

प्रार्थी की शिकायत के आधार पर फलोदी पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसआई पदमाराम के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया।

टीम ने कार्रवाई करते हुए भाखरिया निवासी अजहरुद्दीन उर्फ बाबू कसाई को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## बालिकाओं को योजनाओं की जानकारी दी

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्री सुंधा माता शिक्षण संस्था उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर पाली में आमुखीकरण कार्यालय का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अधिकारीता विभाग के उप निदेशक भागीरथ के निर्देशानुसार विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना के बारे में जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री ने विस्तृत से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उन बालिका व महिलाओं को दसवीं और बारहवीं की कक्षा की पढ़ाई पूरी करने में मदद करना है जिनकी पढ़ाई बीच में छूट गई है इस योजना के तहत राजस्थान की मूल निवासी महिलाएं ओपन स्कूलिंग के माध्यम से अपनी शिक्षा फिर से शुरू कर सकती हैं इसमें कक्षा 10 के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष और कक्षा 12 के लिए न्यूनतम 15 वर्ष है।

उन्होंने लाड़ो प्रोत्साहन योजना के बारे में बताएं कि इस योजना का उद्देश्य बेटियो को जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और स्नातक तक आर्थिक सहायता प्रदान करना हैं इस योजना के तहत सरकार ने उन लड़कियों को डेढ़ लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है जो राज्य के सरकारी या प्रमाणित निजी अस्पतालों में जन्मी हो। एमटीएस इंदू बाला ने विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुरण कुमार, अध्यापिका नेहा जोशी व बबीता एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।


कार्यालय नगरपालिका सांचौर (राज.)

टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in&eosanchore2010@gmail.com

क्रमांक : न.प.सां. / 2025 / 4659 दिनांक : 06.11.2025

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि परिषद् परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण / उपविभाजन / संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्मतियों के नामान्तरण / उपविभाजन / संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेश को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 3 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण / उपविभाजन / संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. स. | आवेदनकर्ता का नाम | स्थल जहां सम्पत्ति है | पत्रावली संख्या | पत्रावली का प्रकार | पट्टा संख्या / वर्ष | भूखण्ड संख्या | कुल रकबा (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घेवरचन्द पुत्र श्री मांगीलालजी सोनी | शौभालेश्वर का गोलिया सांचौर | 371/2025 | नामान्तरण | 966/2022 | - | 145.66 |
| 2 | मगाराम चौधरी पुत्र श्री सवाराम चौधरी | धर्मकांटा कॉलोनी सांचौर | 372/2025 | नामान्तरण | 4533/2019 | 143 | 200 |
| 3 | पल्लव चितारा पुत्र श्री अमृतलाल जीनगर | आशापूर्णा कॉलोनी के पास सांचौर | 373/2025 | नामान्तरण | 08/2001 | - | 166.66 |
| 4 | भावना बेन पत्नी श्री बाबुलाल जोशी | मुम्मा देवी टाउनशीप सांचौर | 374/2025 | नामान्तरण | 730/2010 | 149 | 166.66 |
| 5 | सोमारी कुमारी पत्नी श्री भंवरलाल विश्नोई | अमृता कुंज (रानीवाडा रोड) सांचौर | 375/2025 | नामान्तरण | 1769/2025 | 36 | 150 |
| 6 | बाबुदेवी विश्नोई पत्नी श्री सोहनलाल विश्नोई | एच.आर. नगर द्वितीय सांचौर | 376/2025 | नामान्तरण | 6611/2022 | 122 | 200 |
| 7 | बाबुदेवी विश्नोई पत्नी श्री सोहनलाल विश्नोई | एच.आर. नगर द्वितीय सांचौर | 377/2025 | नामान्तरण | 6610/2022 | 121 | 200 |
| 8 | बाबुदेवी विश्नोई पत्नी श्री सोहनलाल विश्नोई | एच.आर. नगर द्वितीय सांचौर | 76/2025 | संयुक्तिकरण | 6611/2022 6612/2022 | 122 123 | 400 |

राज.संवाद / सी / 25 / 13730 अधिशाषी अधिकारी

# जोधपुर में छापा मारने पहुंची डीजीजीआई की टीम पर हमला, एक गिरफ्तार

**जीएसटी चोरी के बड़े नेटवर्क पर छापा मारने पहुंची जयपुर की टीम से ट्रांसपोर्टर और उसके स्टाफ ने धक्का-मुक्की की, दो कंप्यूटर व सीपीयू छीन लिए**

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में गुरुवार सुबह डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की टीम पर हमला हो गया। जीएसटी चोरी के बड़े नेटवर्क पर छापा मारने पहुंची जयपुर की टीम से ट्रांसपोर्टर और उसके स्टाफ ने धक्का-मुक्की की, दो कंप्यूटर सीपीयू छीन लिए। ट्रक से टक्कर मारकर सरकारी गाड़ी को क्षतग्रस्त कर दिया। पुलिस ने एक व्यक्ति को अरेस्ट किया है।

बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया सुबह 7:15 बजे डीजीजीआई की टीम इंडस्ट्रियल एरिया सेकेंड फेज में स्थित बिश्नोई रोड लाइंस पर पहुंची। ऑफिस पर ताला लगा था, डीजीजीआई की टीम बाहर इंतजार कर रही थी। तभी सुनील विश्नोई नामक व्यक्ति आया, ऑफिस खोला और दो सीपीयू ले जाने लगा। (डीजीजीआई) की टीम ने रोकने की कोशिश की तो उसने धक्का-मुक्की की। ट्रक से डीजीजीआई की गाड़ी को टक्कर मारी, इसी दौरान एक ऑटो रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। ट्रांसपोर्टर पुखराज खावा और उसके स्टाफ ने धक्का-मुक्की और हाथापाई करते हुए सीपीयू छीन लिए। आरोपियों ने एक सीपीयू को अपने साथी की कार

■ डीजीजीआई की टीम स्टील इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट से जुड़े जीएसटी चोरी नेटवर्क पर कार्रवाई करने जोधपुर पहुंची थी

में रखवाकर वहां से भगा दिया। दूसरा सीपीयू टीम से छीनकर एक ट्रक में रख लिया और भाग गए। भागते समय डीजीजीआई की टीम की गाड़ी जो ट्रक के ठीक सामने खड़ी थी, उसके टक्कर मार दी।

विभागीय सूत्रों के अनुसार अन्य फर्मों के बारे में भी छानबीन की जा रही है। मौके से पकड़े गए सुनील विश्नोई की ट्रांसपोर्ट कंपनी में और हमला करवाने में भूमिका के बारे में पड़ताल जारी है। आशंका जताई जा रही है कि मौके से जो सीपीयू ले गए, उनमें जरूरी डेटा हो सकता है।

डीजीजीआई की टीम स्टील इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट से जुड़े जीएसटी चोरी नेटवर्क पर कार्रवाई करने जोधपुर पहुंची थी। ट्रांसपोर्ट कंपनी की दो या तीन फर्मों से फर्जी बिल्टी जारी करने के साथ ही बोगस बिलिंग से जीएसटी चोरी का आरोप था। टीम को सूचना मिली थी कि फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों की जीएसटी की चोरी की जा रही है। (डीजीजीआई) लंबे समय से नेटवर्क पर नजर रख रही थी।

बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने डीजीजीआई की टीम से घटना की जानकारी ली और आसपास के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस को उम्मीद है कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान हो सकेगी और कार-ट्रक के नंबर मिल सकेंगे।

## मॉडल उत्तर कुंजी जारी

**अजमेर, (निसं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर (चिकित्सा शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के अंतर्गत ब्रांड स्पेशियलिटी- पेडियाट्रिक्स तथा एनेस्थिसियोलॉजी विषयों की मॉडल उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त परीक्षा अंतर्गत इन विषयों की परीक्षा का आयोजन 4 जुलाई 2025 को किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 14 से 16 नवंबर 2025 को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करें। उक्त परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन ही प्रविष्ट करे।

## दहेज को लेकर विवाहिता से मारपीट, घर से निकाला

**नदबई/भरतपुर, (निसं)।** नदबई कस्बा निवासी रेनू कुमारी ने दहेज की मांग करने व मारपीट कर प्रताड़ित करने व घर से निकालने का आरोप लगाते हुए अपने पति सहित ससुरालजनों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता रेनू कुमारी पुत्री भावसिंह की 22 फरवरी 2023 में चिकसाना थाना क्षेत्र के गांव बछामदी नोह निवासी जयवीर सोलंकी से शादी हुई। शादी के बाद ही ससुरालजन, दहेज में 15 लाख रुपए की मांग करते हुए मारपीट कर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं, ससुरालजनों ने पीड़ित महिला को घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि, मंगलवार को पीड़िता के भाई व अन्य रिश्तेदारों ने समझाइश करने का प्रयास किया।


**डूंगरपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लि. डूंगरपुर**
पता-मालपुर रोड इन्दिरा कॉलोनी डूंगरपुर (राज.)
क्रमांक :- 2025/Oct/SPL-100 दिनांक :- 31/10/2025
**ई-निविदा सूचना वर्ष 2025-26**
डूंगरपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लिमिटेड अन्तर्गत Supply of high quality grocery items हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 31.10.2025 को प्रातः 06.00 pm बजे तक ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा में वर्णित कार्य से सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्ते बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
उपापन हेतु NIB Code - CCF2526A0017, UBN No. CCF2526GLOB00017
राज.संवाद/सी/25/13780 महाप्रबंधक



**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER & PROJECT MANAGER WATERSHED CELL CUM DATA CENTER ZILA PARISHAD TONK**
File No. :- ( )/1901 Date :- 11/11/2025
**NOTICE INVITING BID**
**NIB No. 20/2025-26**
Bids for Construction of Kachcha & Pasture works (02 Package) of total estimated value INR 88.78 lacs under PMKSY-2.0 Block Malpura Distt. Tonk are invited from interested bidders up to 06.00 PM [time], 22-11-2025 [date]. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).
UBN 1. WSC2526WSOB01621, 2. WSC2526WSOB01622
Raj.Samwad/C/25/13791 SE & PM, WCDC, ZILA PARISHAD, TONK


## फैक्टरी में श्रमिक की मौत, परिजनों ने हंगामा किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के पुर थाना क्षेत्र स्थित संगम इंडिया फैक्टरी में एक श्रमिक की मौत हो जाने के बाद आक्रोशित परिजनों और समाज जनों ने मुआवजे की मांग को लेकर एमजी हॉस्पिटल मोर्चरी के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश कर मामले को शांत करवाया।

पुर थाना प्रभारी पुष्पा कसौटिया ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के चावंडिया गांव का रहने वाला राजेंद्र कुमार पिछले चार-पांच साल से संगम इंडिया फैक्टरी में काम कर रहा था। 8 नवंबर की रात करीब आठ बजे वह फैक्टरी गया, लेकिन अगले दिन सुबह पांच बजे बेहोश मिला, जिसे फैक्टरी कर्मचारी ने ही एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। हालत में सुधार नहीं होने पर 10 नवंबर को दोपहर में उन्हें शहर के ही एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित समाज और साथी श्रमिकों ने मुआवजे की मांग को लेकर

■ पुलिस मौके पर पहुंची, समझाइश कर मामले को शांत कराया

हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामा के बाद फैक्टरी प्रबंधन के साथ जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा के प्रतिनिधि अजय पांचाल, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना के प्रतिनिधि अमर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंहज़ कन्हैयालाल तेली और एडवोकेट ओमप्रकाश तेली के बीच वार्ता का दौर चला। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम करने के लिए तैयार हुए और मृतक राजेंद्र का पोस्टमार्टम हुआ। मृतक तीन बेटियों का पिता था। सबसे बड़ी 10 साल की, उस छोटी 4 साल की और सबसे छोटी बेटी 6 माह की है। ऐसे में पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए फैक्टरी प्रबंधन ने उचित मुआवजे पर सहमति बनाई और मामला शांत हो पाया।

## पॉक्सो के दोषी को 20 साल का कारावास

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नाबालिग के अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में दोषी आरोपी को पॉक्सो कोर्ट संख्या एक के न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने 20 साल का कठोर कारावास और 59 हजार के जुर्माने से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया कि 31 जुलाई 2024 को प्रार्थी ने फूलिया कलां थाने पर रिपोर्ट दी, जिसमें उसने बताया कि उसके घर पर घोड़ी को ट्रेंड करने के लिए एक व्यक्ति योगेश उर्फ नारायण पुत्र सोहनलाल दमानी आता था, इसलिए वह पूरे परिवार से परिचित था। वह प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर अपने साथ ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़िता की तलाश कर दस्तयाब किया तो पीड़िता ने पुलिस को बताया कि नारायण ने घोड़ी को ट्रेंड करने का काम किया, तब वह 15-20 दिन उनके घर पर ही रहा, इस दौरान इंस्टाग्राम पर उन दोनों की दोस्ती हो गई और फिर वह शादी का झांसा देने लगा।

# पथराव मामले में दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और उसकी कार पर पथराव के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो नाबालिगों को डिटेन किया है। आरोपियों ने लूट की मंशा से इस वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को लड़कियों के कपड़े पहनाकर कस्बे में जुलूस भी निकाला।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि यह घटना 9 नवंबर की रात की है। न्यू हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 7, डूंगरपुर निवासी मेहुल चौबीसा अपने भाई यनिश चौबीसा और इन्फ्लूएंसर ऋतिक राठौड़ के साथ रतनपुर से डूंगरपुर लौट रहे थे। बलवाडा के पास कार रोककर वे बाथरूम के लिए उतरे। इसी दौरान पीछे से एक पत्थर आकर मेहुल चौबीसा के सिर पर लगा, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। अचानक हुए इस पथराव से घबराकर मेहुल कार की ओर भागे। जैसे ही वे कार लेकर निकलने लगे, तभी कार पर अचानक पथराव शुरू हो गया, जिससे कार के आगे और पीछे के शीशे टूट गए।




पुलिस ने आरोपियों को लड़कियों के कपड़े पहनाकर जुलूस निकाला।

सभी लोग इस घटना से घबरा गए और घायल मेहुल को लेकर तुरंत डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने करोली फला नवाघरा निवासी सुरेश कटारा और धनपाल कटारा को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर लूट की मंशा से वारदात को अंजाम देना कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और अपने शौक पूरे करने के लिए लूट की नीयत से पत्थरबाजी की इस घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इन आरोपियों को लड़कियों के कपड़े पहनाए। उनके गले में आज के बाद हम पत्थरबाजी नहीं करेंगे और पत्थरबाजी मत करो, जैसे नारे लिखी तख्तियां डालकर कस्बे में जुलूस निकाला।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
क्रमांक :- जोविप्रा/2025-26/1931 दिनांक :- 12/11/2025
**ई-निविदा सूचना संख्या - मुख्यालय/37/2025-26**
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था जो निविदा की निर्धारित शर्तो को पूर्ण करती है, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. : JOD2526SLOB00433
राज.संवाद/सी/25/13753 अधिशाषी अभियंता



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**
क्रमांक- दिनांक-28.10.2025
**Notice Inviting Bid: 21/2025-26**
Bid for the "Various Civil Works" are invited from interested bidders from 01.11.2025 (09.30 AM) to 17.11.2025 (06.00PM) & Open date 18.11.2025 (11.00 AM), other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 289.26 Lakh.
UBN NO. PWD2526WSOB16235, PWD2526WSOB16236, PWD2526WSOB16237, PWD2526WSOB16238, PWD2526WSOB16240, PWD2526WSOB16241, PWD2526WSOB16242, PWD2526WSOB16243, PWD2526WSOB16244, PWD2526WSOB16245, PWD2526WSOB16247, PWD2526WSOB16251, PWD2526WSOB16254, PWD2526WSOB16256
Executive Engineer
DIPR/C/16612/2025 PWD City Division, Bikaner


## हथियार उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** शहर के गोविंद गुप्ता हॉस्पिटल के पास खड़े हुए ऑनलाइन माध्यमों से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले आरोपी कृष्णावतार उर्फ कृष्णा (30) पुत्र हीरोसिंह निवासी हथैनी, चिकसाना (भरतपुर) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अवैध हथियारों की आपूर्ति कर अपहरण, लूट, डकैती, वाहन चोरी, जमीन कब्जा व हत्या जैसे गंभीर अपराधों में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराता था। आरोपी से गहन पूछताछ कर उसके नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों का भी पता लगाया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 12 नवम्बर को गोविंद गुप्ता हॉस्पिटल के पास से आरोपी को गिरफ्तार करने सहित उससे बरामद हुए स्काई रंग का आईफोन 15 में विभिन्न प्रकार के अवैध हथियारों के फोटो पाए गए। साथ ही व्हाट्सएप चैट्स में कई मोबाइल नंबरों से हथियार और कारतूसों की खरीद-फरोख्त से संबंधित बातचीत, फोटो और वीडियो मिले थे। कुछ चैट्स में हथियारों की कीमतें और डिलीवरी की जानकारी भी दर्ज गई थी। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। वहीं पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## चौकीदार की संदिग्ध मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बलवाड़ा गांव स्थित एक फॉर्म हाउस में चौकीदार की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। चौकीदार को बेहोशी की हालत में पाया गया था, जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

बलवाडा निवासी बेटे दिनेश बरंडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया कि उसके पिता कांति बरंडा गांव में एक फॉर्म हाउस पर चौकीदारी का काम करते थे। दिनेश और उसके दो भाई अहमदाबाद में रहते हैं, जबकि पिता कांतिलाल और बहन पायल घर पर ही रहते हैं। दिनेश ने बताया कि बुधवार शाम उसके पिता रोज की तरह फॉर्म हाउस पर गए थे। कुछ देर बाद बहन पायल उन्हें देखने गई तो कांतिलाल बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरे हुए मिले। परिजनों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## कार से 43 किलो डोडा-पोस्त बरामद

**पुलिस ने कार सवार युवक को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया**

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती डांगियावास पुलिस थाना क्षेत्र में पीथासनी पुल पर पुलिस ने नाकाबंदी कर एक कार को रूकवाया। कार की तलाशी ली गई तब उसमें 43 किलो से ज्यादा से डोडा-पोस्त मिला। पुलिस ने कार में सवार युवक को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पाली जिले के रायपुर थाने में भी मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज है।

डांगियावास थानाधिकारी दौलाराम ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि पीथासनी पुल से होकर एक स्वीफ्ट निकलने की संभावना है, इसमें अवैध रूप से डोडा-पोस्त लादा गया है। इस पर थानाधिकारी ने मय जाब्ते ने पुल पर नाकाबंदी की और स्वीफ्ट कार को रूकवा कर तलाशी ली। कार में तीन प्लास्टिक कट्टे मिले, जिनमें दो पूरे भरे थे और एक आधा खाली था। कट्टों में अवैध डोडा-पोस्त मिला। इसका वजन किए जाने पर यह 43 किलो 250 ग्राम निकला।

थानाधिकारी दौलाराम ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में बाबलों का बास फिटकासनी निवासी महेंद्र पुत्र खमाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ रायपुर पाली में भी एक प्रकरण अब तक सामने आया है।

## डॉक्टर से मारपीट, तीन हिरासत में

**करौली, (निसं)।** मंडरायल उप जिला चिकित्सालय में बुधवार देर रात मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। इलाज के लिए पहुंचे एक युवक ने ड्यूटी पर तैनात डॉ. से बदसलुकी कर मारपीट की। उसके साथियों ने अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की। डीएसपी अनुज शुभम ने बताया कि रात करीब 8:15 बजे आरोपी बंटी जाटव उपचार के लिए अस्पताल आया था। इलाज के दौरान उसने डॉ. संदीप कुमार से अभद्रता की। कुछ देर बाद आरोपी के करीब 12 साथी भी अस्पताल पहुंच गए और मिलकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस घटना में डॉ. संदीप को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही डीएसपी अनुज शुभम सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों ने चिकित्सक और स्टाफ से जानकारी ली। आक्रोशित डॉक्टरों और नर्सिंगकर्मियों ने सुरक्षा की मांग को लेकर एक घंटेकार्य बहिष्कार किया।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**
(अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर-343001)
Tel.- (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in
क्रमांकः नपजा/SBM/2025-26/5482 दिनांकः 08.11.2025
**निलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद जालोर के सिवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट के सोधित पानी को सिचाई कार्यो के लिए सार्वजनिक निलामी सूचना ठेका वर्श 2025-26 हेतु दिनांक 24.11.2025 व 25.11.2025 को दोपहर 3.00 बजे से 5.00 तक निलामी की जायेगी।
अतः इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार निर्धारित दिनांक को नगर परिशद कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित अमानत राशि 10000.00 रूपये जमा करवाकर अपने नाम से बोली लगाकर ठेका ले सकते है। ठेके की शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय तथा विभागीय पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।
निलामी स्थल :- कार्यालय नगर परिषद जालोर
UBN - DLB2526A7859 आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/13687 नगरपरिषद,जालोर



**कार्यालय अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, जैसलमेर**
पता - एडीपीसी कार्यालय, मलका प्रोल के पास, सूली डूंगर, जैसलमेर
क्रमांक :- सशि/जैसल/निविदा/नीति आयोग/2025-26/ दिनांक :- 11/11/2025
**ई-निविदा सूचना संख्या - 16/2025-26**
नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति अनटाईड फण्ड द्वारा विभाग में विभिन्न संसाधनों की आपूर्ति हेतु कार्यालय जिला कलक्टर जैसलमेर के प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 979 दिनांक-24.07.2025 व वित्तिय स्वीकृति क्रमांक 1446 दिनांक 24.09.2025 के क्रम में कुल राशि 3,20,00000/- विभाग को प्राप्त हुई है जिनमें से 1,50,00000 राशि में से जिले के 25 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम की आपूर्ति व इन्स्टालेशन की जानी है इस हेतु पंजीकृत / रजिस्टर्ड फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण website :- http://sppp.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड करने की अवधि दिनांक 10.11.2025 रात्रि 10:00 बजे से दिनांक 01.12.2025 तक सांय 06:00 बजे तक रहेगी।
निविदा शुल्क ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क से सम्बन्धित दस्तावेज निविदादाता द्वारा संबंधित जिला कार्यालय में दिनांक 01.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।
दिनांक 01.12.2025 को सांयकाल 03:00 बजे खोली जायेगी।
UBN NO. RSE2526GLOB03901 अति. जिला परियोजना समन्वयक
राज.संवाद/सी/25/13788 समग्र शिक्षा, जैसलमेर



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD ELECTRICAL DIVISION KOTA**
No.-623 Date: 07.11.2025
**Notice Inviting Bid (NIT No. 19/2025-26)**
Bids for 01 No. AC work at District Kota are invited from interested bidders up to 06.00 PM of 20.11.2025 (Thursday) Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State The approximate value of the procurement is Rs. 150.25 Lac.
UBN-PWD2526WSOB16472 Executive Engineer
DIPR/C/16558/2025 PWD Elect Div Kota



जल संसाधन विभाग
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता क्षैत्रीय उद्योगशाला खण्ड, नर्मदा नहर परियोजना, सांचौर**
क्रमांक-लेखा/निविदा/2025-26/1212-25 दिनांक-08.11.2025
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**
नर्मदा नहर परियोजना के विभिन्न पम्पिंग स्टेशनों के संचालन एवं रख-रखाव कार्य हेतु जल संसाधन विभाग राजस्थान सरकार में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, के.लो.नि.वि.ए.डाक, दूरसंचार, रेलवे में व अन्य राज्य सरकारों/केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों/संगठनों के पास सूचिबद्ध ठेकेदार जो राजस्थान के पात्र श्रेणी के समतुल्य हो से दिनांक 20.11.2025 सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड की अन्य शर्ते वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, water.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
NIB CODE- NCP2526A0001, UBN CODE-NCP2526WSOB00001
(कनिष्का चौधरी) अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/16626/2025 क्षैत्रीय उद्योगशाला खण्ड न.न.प. सांचौर, मो.नं. 7425981959



**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम), एसबीटू एण्ड पीसी-लिग्नाईट, सी-स्कीम, जयपुर- 302005(राज.), फोन नम्बर: (0141)2227938/2227710,2227715, फैक्स: (0141)2227360,2227761, Email:- Jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in
**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 12/11/2025

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.6(1)75/CC/Securiy Barmer/19 dated 11.11.2025 UBN No. MML2526SLOB00105 | बाड़मेर जिले में स्थित लिग्नाईट खदानों पर सुरक्षा की दृष्टि से अनुबंध के आधार पर चालीस (40) अकुशल श्रेणी के श्रमिकों। अनुमानित मूल्य (रू.) 22.50 लाख, धरोहर राशि (रू.) – 45,000/-, निविदा राशि– 1180/– अहस्तान्तरणीय, जी.एस.टी. सहित। रूपये 500/– डीडी द्वारा एमडी, आरआईएसएल के पक्ष में देय हो। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी-अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/13740 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)



**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
क्रमांक :- जो.वि.प्रा./पश्चिम/2025-26/राजकाज 18774245 दिनांक :- 11/11/2025
**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन पश्चिम/11/2025-26**
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद बिड आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यो की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.joda.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB Code : JOD2526A0185
UBN No. : JOD2526WSOB00404 To JOD2526WSOB00421
राज.संवाद/सी/25/13746 अधिशाषी अभियंता (पश्चिम)


# इंदिरा गांधी नहर में पानी बंटवारे को लेकर किसान आमने-सामने हुए

**नाराज किसानों ने पथराव किया, पुलिसकर्मियों को चोट आई, पुलिस की गाड़ी और जेसीबी के शीशे तोड़े**

**बीकानेर, (निसं)।** यहां गुरुवार को किसान और पुलिसकर्मी आमने-सामने हो गए। गुस्साए किसानों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। मामला जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र का है। इस पथराव में पुलिस की गाड़ी और जेसीबी के शीशे टूट गए। वहीं कुछ पुलिसकर्मियों को चोट भी लगी है।

जानकारी के अनुसार इंदिरा गांधी नहर में पानी बंटवारे को लेकर खाजूवाला क्षेत्र के किसानों ने विरोध किया था। दोपहर तीन बजे किसान नहरी क्षेत्र में शामिल होना शुरू हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इनका कहना था कि नहरी पानी के मोघे का साइज सही नहीं है। कुछ किसानों को इस मोघे से अतिरिक्त पानी मिल रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के किसानों का कहना था कि मोघा सही है, इसे बदलने नहीं देंगे। इसी विवाद के चलते दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। इसी को लेकर दोनों पक्षों के किसान थे। समझाइश के लिए तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई भी पहुंची। इसी विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हो गई और किसानों ने पथराव शुरू कर दिया। समझाइश के दौरान किसानों ने अचानक

■ किसानों का कहना था कि नहरी पानी के मोघे का साइज सही नहीं है, कुछ किसानों को इस मोघे से अतिरिक्त पानी मिल रहा है

■ वहीं दूसरे पक्ष के किसानों का कहना था कि मोघा सही है, इसे बदलने नहीं देंगे, इसी विवाद के चलते दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए

पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले इंदिरा गांधी नहर की आरडी-145 से मोघे बदल दिए गए थे। इसी बात को लेकर किसान नाराज थे।

किसानों के दो पक्ष बने हुए हैं। एक पक्ष का आरोप था कि इस नजर से किसानों को ज्यादा पानी दिया जा रहा है। जबकि दूसरे पक्ष का कहना था कि पानी की बारी का समय सही है। मोघे को लेकर प्रशासन ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। इसे लेकर पूर्व में हुई शिकायत पर एक कमेटी बनाई गई थी। विवाद के बाद कमेटी भी मौके पर पहुंची। किसानों को पानी बराबर मिले इसलिए मोघे को सही करने की बात की जा रही थी। इसके बाद नाराज किसान नहर अधिकारियों पर बुलाने की जिद पर अड़ गए। कुछ देर बाद नहर अधिकारी वहां पहुंचे और दोनों पक्षों में बातचीत शुरू हुई।

बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के किसानों में विरोध शुरू हो गया। इस दौरान तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई भी मौके पर थी। किसानों के समझाने के प्रयास के बाद भी वे महिला तहसीलदार से उलझते रहे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली तो कुछ गाड़ियां मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसानों को हटाने का प्रयास किया तो उन्होंने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस पत्थरबाजी में तहसीलदार बिश्नोई बाल-बाल बची। पथराव के दौरान किसानों ने पुलिस की गाड़ी और जेसीबी के शीशे तोड़ दिए। इस दौरान सब इंस्पेक्टर हरपाल सिंह भी वहां मौजूद थे। पथराव में पुलिस की दो गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि इस पथराव में दो पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है, हालांकि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं है।

पथराव की सूचना के बाद खाजूवाला सीओ अमरजीत सिंह और सीआई सुरेंद्र प्रजापत भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद किसानों से दोबारा समझाइश की गई कि मोघे बदलने से उन्हें पूरी मात्रा में पानी दिया जाएगा, लेकिन किसानों का कहना है कि बार-बार मोघे बदलने से किसानों की बारी सही नहीं आ पा रही है। ऐसे में देर शाम तक इनका विरोध चलता रहा। जानकारी अनुसार जब पानी की बारी खत्म होती है तो अंतिम मोघे से पानी निकलता रहता है। इस अतिरिक्त पानी को लेकर ही किसानों में विवाद होता है। जिस मोघे पर विवाद हुआ, वहां से आगे के किसानों का कहना है कि उन्हें पानी कम मिल रहा है और इस मोघ से बारी के बाद भी किसानों को पानी दिया जा रहा है।


**MUNICIPAL COUNCIL RAJSAMAND**
Zila Parishad Road, Near Fire Station, Rajsamand
Tel. No. :- 02952-220034 Email:- rajsamandnagarpalika@gamil.com
S.No. F( )/MCR/SBM/SWM Processing/2025-26/6426 Date :- 07.11.2025
**Notice Inviting Request for Proposal (RFP)**
Online Proposal are invited on behalf of Municipal Council Rajsamand from the reputed, experienced and technically eligible contractors for the services of **"Design, construction, establishment and development of processing plant and required development work and maintenance of Engineered sanitary landfill site and o&m the 20 years having a minimum adequate capacity for Rajsamand and scalable further as per requirement on VGF basis** and revised from time-to-time" The further detailed bid conditions can be downloaded from website http://Sppp.rajasthan.gov.in, or http://eproc.rajasthan.gov.in, estimate cost of work 680.00 Lacs and bid security 13.60 Lacs request for proposal submission end date of time as below :-

| | |
|---|---|
| Publishing Date & Time | 11.11.2025 at 06:00 PM |
| Request for Proposal Download start Date & Time | 12.11.2025 at 09:00AM |
| Pre-bid conference & site visit will be held on | 20.11.2025 at 01.00 PM |
| Request for Proposal submission End Date & Time | 11.12.2025 at 06:00 PM |
| Physically Document Submission Date & Time | 12.12.2025 at 01:00 PM |
| Technical Bid Opening Date & Time | 12.12.2025 at 04:00 PM at ULB Rajsamand |
| UBN NO. :- | DLB2526WLOB23741 |

Raj.Samwad/C/25/13724 Commissioner Municipal Council Rajsamand



**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील-लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920
क्रमांक :-MEW/2025-26/512 दिनांकः- 03.11.2025
**:: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 41/2025-26 ::**
नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | राशि 645.96 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | Date 01.11.2025 To 13.11.2025 Time 6.00 PM तक |
| प्री-बिड मिटिंग की तिथि व समय | Date 06.11.2025 Time 11.00 AM पर Additional Chief Engineer Chamber (Nirman Section) Municipal Corporation Ajmer |
| Technical निविदा खोलने की तिथि व समय | Date 14.11.2025 Time 11.00 AM पर |
| Financial निविदा खोलने की तिथि | सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा। |

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।
NIB CODE :-ANN2526A0150
UBN NO. :-ANN2526WLOB00199 अधिशाषी अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/13802 नगर निगम अजमेर

## सार-समाचार

### डॉ. प्रतिभा सिंह ने जनसुनवाई की

**पाली**, (नि.सं.)। संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में सुमेरपुर पंचायत समिति के वीसी हॉल में गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में डॉ सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनके प्रभावी निस्तारण व समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में उन्होंने आमजन की समस्याओं को बारी बारी से सुना इस दौरान कुल 21 प्रकरण सामने आए, जिनमें राज्य स्तर, संभागीय स्तर, जिला कलेक्टर स्तर एवं उपखंड स्तरीय मामलों पर चर्चा की गई। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र और पारदर्शी निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ प्रकरण राज्य स्तर से संबंधित हैं, जबकि कई मामले संभागीय, जिला और उपखंड स्तर पर निपटाए जा सकते हैं। जो समस्याएं उपखंड स्तर पर सुलझाई जा सकती है उनका समाधान वही करे। उन्होंने विशेष रूप से सफाई व्यवस्था और अन्य जनसुविधा से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने पर बल दिया। जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार, सीओ जितेंद्र सिंह राठौड़, तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे, ईओ नरपत सिंह राजपुरोहित सुमेरपुर, ईओ मगराज चौधरी तखतगढ़, बीसीएमओ गोविंदसिंह चुंडावत सहित सभी उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जोधपुर मंडल का मेगा शिविर 15 को

**जोधपुर**, (कासं)। भारत सरकार के उपक्रम कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय एवं पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के तत्वावधान में तथा उत्तर पश्चिम रेलवे की प्रधान वित्त सलाहकार गीतिका पाण्डेय एवं मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के मार्गदर्शन में, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक डॉ. विक्रम सिंह सैनी के नेतृत्व में जोधपुर मंडल द्वारा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविरों का आयोजन के अंतर्गत एक मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान को और अधिक प्रभावशाली एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर को जोधपुर मंडल के 15 प्रमुख रेलवे स्टेशनों – जोधपुर, बासनी, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन, लूणी, समदड़ी, जैसलमेर, पोकरण, रामदेवरा, बाड़मेर, फलोदी, बालोतरा तथा नावा सिटी पर भी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पेंशनभोगियों को आधार प्रमाणीकरण, जीवन प्रमाण ऐप, एवं फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी ताकि वे भविष्य में स्वयं भी यह प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकें। यह शिविर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सामुदायिक भवन, रेल कारखाने के पास, जोधपुर में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों को डिजिटल तकनीक के माध्यम से सुविधा प्रदान करना एवं उन्हें आधार आधारित प्रमाणीकरण द्वारा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने में सहायता करना है।

### वाहन चालकों की आंखें जांची, चश्मे दिए

**पाली**, (नि.सं.)। चिकित्सा विभाग की ओर से पाली जिले के तीन टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को निःशुल्क आंखों की जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जागरूकता अभियान के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति पाली के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार गुरुवार को चिकित्सा विभाग की ओर से टोल प्लाजा गाजनगढ़, बिरामी व जाडन टोल से गुजर रहे वाहन चालकों की आंखों एवं स्वास्थ्य की जांच की गई। गाजनगढ़ टोल पर बांगड़ चिकित्सालय के ऑप्टोमोलॉजिस्ट जितेंद्र कुमार, खुशबू, आशीष ने, जाडन टोल पर ईश्वर सिंह, गरिमा चौहान तथा बिरामी टोल प्लाजा पर चेतन कुमार, सरिता चौधरी, योगेश व अभिषेक के द्वारा वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा कई वाहन चालकों को चश्मे वितरित किए गए। साथ ही कई वाहन चालकों को आई ड्राप भी दी गई। उन्होंने बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवे के निर्देशानुसार वाहन चालकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण 4 नवंबर से 18 नवंबर तक चलेगा। इस मौके पर टोल कर्मचारियो के साथ आसपास के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पोस्टर का बिट्टा ने विमोचन किया

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 16 नवंबर को श्याम भक्ति सेवा संस्थान की ओर से पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। जोधपुर के होटल चंद्रा में आयोजित होने वाले श्याम सेवा अलंकरण समारोह के पोस्टर का विमोचन का ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एम एस बिट्टा ने किया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष मोनिका प्रजापत और आयोजन के संयोजक पंडित एस के जोशी भी आयोजन समिति के सदस्यों के साथ मौजूद रहे। आयोजन समिति के संयोजक पंडित एस के जोशी ने बताया कि इस आयोजन के पोस्टर का विधिवत विमोचन ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एम एस बिट्टा ने जोधपुर के सर्किट हाउस में किया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष मोनिका प्रजापत और आयोजन समिति के संयोजक पंडित एस के जोशी के अलावा सदस्य लक्की गोयल, नवीन भाटी, गौतम उपाधाय, दमयंती जांगिड, कन्हैयालाल सबनानी,भूमित्र जोशी, प्रभांशु जोशी, रामेश्वर जांगिड़, राधा कृष्ण शर्मा, पुखराज जांगिड, रामेश्वर जांगिड़ और राजूराम जांगिड मौजूद रहे।

### दुकान में साड़ी चुराते तीन महिला पकड़ी

**जोधपुर**, (कासं)। जिले के ओसियां कस्बे में कपड़े की दुकान में एक पुरुष और 3 महिलाएं पोशाकें चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ी गईं। दुकानदारों और ग्राहकों ने चोरी करते पकड़े गए पुरुष व महिलाओं की धुनाई कर दी। मौके पर भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद पुलिस ने सभी को भीड़ से निकालकर थाने पहुंचाया। पुलिस ने चोरी की गई पोशाकें बरामद कर ली हैं और सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस ने बताया कि मसूरिया नट बस्ती निवासी सनी, अलीला, कमला और पिंकी पत्नी पप्पू को बीएनएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले सामने आ चुके हैं और वो चोरी के आदि हैं। दुकानदारों को भ्रमित कर सामान चोरी करते हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### हांसुआ में जंगली जानवर ने कुत्ते मारे

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले के हांसुआ गांव में इन दिनों एक अज्ञात जानवर का आतंक फैला हुआ है। बीती सुबह करीब 5 बजे गांव की एक ढाणी में उस रहस्यमयी जानवर ने चार कुत्तों को मार डाला। वहीं गुरुवार सुबह भी डालाराम की ढाणी में भी कुछ कुत्तों के मारे जाने की घटना सामने आई है। गांव के बरकत खान ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ढाणियों के आसपास रात को किसी बड़े जानवर की हलचल देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जानवर आमतौर पर अंधेरे में ही आता है। इससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है और अज्ञात जानवर की पहचान के प्रयास कर रही है।

### भारतमाला मार्ग पर हादसा

जोधपुर, (कासं)। भारतमाला सडक़ मार्ग पर बूंगड़ी टोल प्लाजा के पास एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार कार बीकानेर से श्री लक्ष्मण नगर टोल प्लाजा की ओर जा रही थी। अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद, पीछे से आ रही एक पिकअप भी कार में जा घुसी। इससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हाईवे पर मौजूद पेट्रोलिंग टीम, एंबुलेंस चालक और अन्य वाहन चालकों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार में सवार दंपती को सुरक्षित बाहर निकाला।

### चैन स्कैनिंग के आरोपियों की बंदोली

**पाली**, (नि.सं.)। कोतवाली पुलिस द्वारा गत 31 अक्टूबर को जयनगर क्षेत्र में एक व्यापारी की आंखों में मिर्ची का पाउडर डालकर चैन स्कैनिंग करने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार करने के सात प्रयुक्त काम ली गई मोटरसाइकिल भी बरामद की। आज गुरुवार को इन आरोपियों को ढोल थाली के साथ कोतवाली से बांगड़ अस्पताल तक बंदोली निकाली गई। पूरे रास्ते आरोपी कान पकड़ कर चल रहे थे। उनके साथ कोतवाल जसवंत सिंह राजपुरोहित और पुलिस साथ थी।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**बालोतरा**, (निसं)। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन पंचायत समिति समदडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बामसीन के राजस्व गाँव देवलियारी में किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा।

# किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान जरूरी : गर्ग




जालोर के पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासे)। पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम के तहत द्वितीय दिवस के कार्यक्रमों का शुभारंभ राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी अर्जित करने की सीख दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खीमाराम सुथार ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्य, ईमानदारी, सम्मान और करुणा, समाज कल्याण, व्यक्तिगत चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण में किशोरों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये मूल्य उन्नत समाज बनाने में मदद करते हैं। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक मनोहरलाल गोदारा ने प्रबल कार्यक्रम को सीखने को केन्द्रित कार्यक्रम बताया। प्रधानाचार्य भंवर मकवाना ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए बताया कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से प्रबल कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र पश्चात् दो चरणों में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिले के दस ब्लॉक के विजेता छात्र तथा छात्राओं ने अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिता प्रभारी प्रियंका शर्मा में बताया कि प्रथम चरण में 'हमारा पर्यावरण-हमारा भविष्य' थीम पर भाषण तथा द्वितीय चरण में 'हमारा भविष्य हमारा निर्णय' एवं 'किशोर किशोरियों के सशक्त भविष्य के लिए सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ्य और उचित करियर मार्गदर्शन की आवश्यकता' पर पैनल चर्चा आयोजित की गई।

दोनों विषयों पर आयोजन के प्रथम दिवस मेंटर पीएमश्री राउमावि बागरा के प्रधानाचार्य खीमसिंह राठौड़, पीएमश्री राउमावि जुंजाणी के प्रधानाचार्य शान्तिलाल जीनगर, राउमावि रेवत के उप प्राचार्य संदीप जोशी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। दोनों चरणों के समेकित परिणाम के आधार पर छात्रा वर्ग में पीएम श्री राउमावि जालोर की छात्रा दिव्या सोनी ने प्रथम, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हनुमानशाला आहोर की छात्रा करिश्मा सुथार ने द्वितीय स्थान पर रही।

वहीं छात्र वर्ग में पीएम श्री राउमावि सरनाऊ के छात्र सन्तोष विश्नोई ने प्रथम व पीएम श्री राउमावि बागरा के छात्र अल्ताफ हुसैन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चयनित चारों प्रतिभागी राज्य स्तर पर मॉक विधानसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे । प्रतियोगिता में निर्णयक की भूमिका राउमावि मोदरा स्टेशन के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह, राउमावि आखराड़ के प्रधानाचार्य कुणाल विश्नोई, राउमावि रेवतड़ा के प्रधानाचार्य किशोर सिंह, राउमावि भंवरानी के प्रधानाचार्य राणसिंह, छात्रा प्रतिनिधि आस्था तिवारी व छात्र प्रतिनिधि कुलदीप सिंह ने निभाई। कार्यक्रम के समापन सत्र में समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षाधिकारी मुनेश मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी ममता अग्रवाल, एसीबीईओ-प्रथम जबर सिंह देवड़ा, एसीबीईओ-द्वितीय रमेश खोरवाल, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, राजेन्द्र टांक, समसा के कार्यक्रम अधिकारी देवेश दुआ, नाथू सोलंकी, दिनेश भट्ट, मोहनलाल सोलंकी, मुकेश सोलंकी व विद्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

## कलस्टर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**जालोर**, (कासं)। नगर परिषद जलोर के कलस्टर स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ-साथ खेलों के विकास के लिए एवं प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर खेल सहित अन्य विकास कार्यों के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है तथा सकारात्म सोच से सही दिशा में बढ़ा जा सकता है। उन्होंने युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन व खेल सुविधाओं व संसाधनों के विकास से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिल रहा हैं। उन्होंने माई थाई गेम में एशियन स्तरीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली खिलाड़ी हर्षिता चौहान का उत्साहवर्धन किया तथा पीटी उषा का उदाहरण देते हुए बालिकाओं को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की समापन की घोषणा कर ध्वजावतरण किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह का संचालन अंबिका प्रसाद तिवारी व निशा कुट्टी ने किया।

एसीबीईओ-प्रथम जबरसिंह देवड़ा, बंशीसिंह, डॉ. मंजू मेघवाल, अंबालाल व्यास, रवि सोलंकी, सुरेश सुन्देशा, दिनेश महावर, सुरेश सोलंकी, गणपतसिंह राव, हेमेंद्र बगेडिया, संजय बोराना, दिलीप सोलंकी, महेश भट्ट, भागीरथ गर्ग, दिनेश बारोट सहित कई जने उपस्थित रहे।

# 'जन उपयोगी सेवाओं के अभियान का प्रचार करें'



जालोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने पैनल अधिवक्ताओं की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक उपयोगी सेवाओं के निवारण को लेकर शुरू किए किए तीन माह के अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में एडीआर भवन में पैनल अधिवक्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बैठक के दौरान अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए यह अभियान तीन माह तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत वायु सडक या जल द्वारा यात्रियों या माल परिवहन के लिए परिवहन सेवाएं, डाक, टेलीग्राफ या टेलीफोन सेवा, किसी स्थापना द्वारा जनता को शक्ति, रोशनी या पानी की आपूर्ति, लोक स्वच्छता या स्वास्थ्य रक्षा प्रणालियां, अस्पताल या डिस्पेंसरी सेवा, बीमा सेवा, बैंक कारी वित्तिय संस्था सेवाएं, आवासीय सेवाएं आदि जन उपयोगी सेवाओं से संबंधि शिकायत निर्धारित प्रारूप में वाट्सअप नंबर 9119365734 पर आवेदन पत्र भेज सकते है।

उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर उसकी जांच की जाएगी तथा सही पाए जाने पर शिकायत के निवारण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अभियान का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने एवं आमजन को प्रेरित करने का आ ान किया।

इस दौरान पैनल अधिवक्ता सरदारखान खोखर, गोपालसिंह राजपुरोहित, डॉ प्रभूसिंह, एलएडीसी चीफ अजहरूदीन, खुशवंतसिंह आदि मौजूद रहे।

## संपत्ति विवाद में दंपत्ती को स्कार्पियो से घसीटा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के चौखा कच्छावा नगर में एक दंपत्ती को स्कार्पियो से कुचल कर मारने का प्रयास किया गया। दोनों को घायलावस्था में एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को शांतिभंग में पकड़ा है। घायल के भाई की तरफ से हत्या प्रयास में रिपोर्ट दी गई है। मामला संपत्ति विवाद को लेकर बताया गया है।

थानाधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया कि चौखा स्थित कच्छावा नगर में रहने वाले 45 वर्षीय सेठाराम और उसके चचेरे भाई अशोक के बीच में संपत्ति जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार को अशोक को सूचना मिली कि सेठाराम प्लॉट पर बिजली कनेक्शन करवा रहा है।

अशोक अपने भाईयों दिनेश, महेश आदि के साथ वहां पहुंचा। जहां पहले इन लोगों के बीच में बोलचाल हुई फिर अशोक ने सेठाराम और उसकी पत्नी छैनादेवी को स्कार्पियो से कुचलने का प्रयास किया और उन्हें 15-20 मीटर तक घसीटकर ले गया। इसमें सेठाराम और छैना देवी बुरी तरह घायल हो गए। दोनों को बाद में एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

थानाधिकारी पोटलिया ने बताया कि आरोपी अशोक को अभी शांतिभंग में पकड़ा गया है। घायल सेठाराम के भाई ज्ञानचंद माली की तरफ से हत्या प्रयास में रिपोर्ट दी गई है।

## 'जीवन में शिक्षा व संस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका'

**भीनमाल**, (निसं)। कस्बे के भगवती नगर परिसर में स्थित फ्यूचर एकेडमी स्कूल में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वावधान में स्काउट गाइड परिवार की ओर से सेवा शिविर के आयोजन में प्रेस क्लब ऑफ भीनमाल के अध्यक्ष माणकमल भंडारी एवं विशिष्ट अतिथि सवाईसिंह राठौड, गजेंद्र देवासी, निंबाराम चौधरी, डॉ घनश्याम व्यास के निर्देशन में गुरुवार को किया गया।

शारदा माता व सरस्वती माता की तस्वीर के समक्ष समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर स्काउट प्रार्थना के साथ सेवा शिविर का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माणकमल भंडारी ने कहा कि मनुष्य जीवन में शिक्षा एवं संस्कार का महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

उन्होंने जीवन में श्रेष्ठता के लिए सुकृत कार्य एवं विकास की प्रासंगिकता पर सविस्तार जानकारी दी। भामाशाह उत्तमराज बंजारा ने भारत स्काउट गाइड को राष्ट सेवा का अभिनव प्रकल्प बताया। भामाशाह राजू भाई सांखला माली ने सरकार की मंशानुरूप जन कल्याणकारी योजना को जनता तक पहुंचाने की बात कही। प्रवीन भाई वापी ने कहा की 36 कौम में राष्ट निर्माण, सामाजिक व सांस्कृतिक व समरसता प्रकल्प के तहत सामाजिक एकता बताया। जे पी चौधरी प्रबंध निदेशक फ्यूचर एकेडमी स्कूल ने कहा कि स्काउट गाइड अनुशासन कार्य व्यवस्था भारत स्काउट गाइड का महत्व पूर्ण स्थान है।

आबूरोड आगार से समाज सेवी संजयसिंह राठौड अपने वक्तव्य में बताया कि संस्था द्वारा कई प्रकल्प के अवसर पर हुनर के लिए प्रकल्प, सांस्कृतिक कार्यक्रम एक आपस में भाई चारा प्रेम को प्रगाढ करता है। डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के आसपास क्षेत्र के शिक्षा विभाग के बंधुवर इस समारोह कार्यक्रम में अन्य सहगामी प्रकल्पो के माध्यम से बढ चढ के अपनी सहभागिता प्रदत्त कर अपनी सेवाए ज्ञापित कर रहे हैं। जेठाराम आचार्य ने कहा कि मानवीय जीवन में कौशल विकास, सदाचार, प्रेम, पर्यावरण चेतना, जल के अपव्यय की रोककर जल संरक्षण का संदेश एक राष्ट निर्माण एक अनुपम पहल है।

इस अवसर पर सवाईसिंह राठौड के नेतृत्व में स्काउट गाइड के द्वारा पर्यावरण व स्वच्छता को लेकर विविध मार्गो से शहर में नगर परि मा की व स्वच्छता का संदेश दिया तथा परिसर में जगह जगह सफाई कर कचरा एत्रकित कर कचरे का निस्तारण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ घनश्याम व्यास ने किया।

इस अवसर पर भामाशाह उत्तमराज बंजारा, राजू भाई सांखला, जे पी चौधरी, जेठाराम आचार्य, जितेंद्रकुमार विद्यालय स्टाफ सहित बालक बालिकाए उपस्थित रहे।

## शिक्षक पर लगा छात्रा से अशोभनीय व्यवहार करने का आरोप

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण शहर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बिलिया (पोकरण) में गुरुवार सुबह उस समय हंगामा मच गया, जब विद्यालय के एक शिक्षक पर छात्रा के साथ अशोभनीय व्यवहार करने का आरोप लगा।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामीण और छात्र विद्यालय परिसर में एकत्रित हो गए। आक्रोशित लोगों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और आरोपी शिक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।

सूचना मिलने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुशीला और अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमशंकर जोशी मौके पर पहुंचे और अभिभावकों से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। अभिभावकों का आरोप है कि छात्रा ने शिक्षक की हरकत की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद मामला सामने आया।

घटना की जानकारी फैलते ही पूरे क्षेत्र में रोष व्याप्त हो गया और विद्यालय में शिक्षण कार्य ठप पड़ गया। ग्रामीणों और अभिभावकों ने आरोपी शिक्षक के साथ-साथ मामले को दबाने में शामिल कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर भी कार्रवाई की मांग की। समझाइश के बावजूद लोग आरोपी की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। मौके पर उपखंड अधिकारी हीर सिंह चारण, थानाधिकारी छत्तर सिंह देवडा, सीबीईओ सुशीला, एसीबीईओ हेमशंकर जोशी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं परिजनों की ओर से पार्षद आईदान पंवार, मांगीलाल गहलोत, धूडाराम माली, जगदीश माली, रामेश्वर गहलोत और ईश्वर माली सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता में यह तय हुआ कि यदि सोमवार तक आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी नहीं होती, तो माली समाज और शहरवासी पुनः धरना प्रदर्शन करेंगे।

## नांदिया में खेल प्रतियोगिता हुई

**भीनमाल**, (निसं)। सांसद खेल महोत्सव लोकसभा क्षेत्र जालोर सिरोही के अंतर्गत पंचायत स्तरीय खेल के उपरांत कलस्टर स्तरीय खेल के तहत ग्राम पंचायत नांदिया, बागोडा, चेनपुरा का सामूहिक खेल कार्यक्रम मातृभक्त मुरारदान स्टेडियम नांदिया में सरपंच हिंगलाज चारण के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रघुनाथ बिश्नोई के विशिष्ट आतिथ्य में शुभारंभ एवं समापन हुआ।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि मातृ भक्त मुरारदान स्टेडियम में स्थापित गगनचुंबी राष्टीय ध्वज के समक्ष शपथ उपरांत मुख्य अतिथि सरपंच नांदिया ने खेल शुभारंभ की घोषणा की। तत्पश्चात अनुशासन एवं पूर्ण मनोभा से सभी खेल शुभारंभ हुए। फाइनल उपरांत समापन समारोह में परिणाम घोषणा की गई।

जिसमें कबड्डी बालक नांदिया, बालिका चेनपुरा, वॉलीबॉल बालक बागोडा, खो खो बालक चेनपुरा, रस्साकस्सी बालिका नांदिया, फुटबॉल बालक बागोडा विजेता रहे। समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच नांदिया ने शांति व समर्पण से खेलने एवं अनुशासन व पारदर्शी निर्णय से खिलवाने के लिए खिलाडयों एवं शिक्षकों को बधाई धन्यवाद दिया। पुरस्कार वितरण घोषणा की। खेल का जीवन में महत्व एवं आज के मोबाइल युग एवं नशे का युवाओं पर हो रहे दुष्प्रभाव का असली उपाय खेल को जीवन का हिस्सा बनाने को बताते हुए अपने विचार रखें। विशिष्ट अतिथि रघुनाथ बिश्नोई रहे।

# 'बहेलिया घूम रहा है आज, नए-नए रूपों में'



जोधपुर रेलवे स्टेशन रोड स्थित सेठ रघुनाथदास परिहार धर्मशाला में मासिक काव्य गोष्ठी हुई।

**जोधपुर**, (का.सं.)। शहर की सबसे पुरानी संस्था 'साहित्य संगम' की ओर से गुरुवार को रेलवे स्टेशन रोड स्थित सेठ रघुनाथदास परिहार धर्मशाला में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नगर के प्रमुख रचनाकारों ने आस पर विश्वास, इंसानी फितरत और मौजूदा राजनीति के भ्रष्ट चरित्र पर व्यंग्य के तीर चलाने के साथ ही विविध विषयों पर काव्य प्रस्तुति दी।

संस्था के अध्यक्ष इंदीवर परिहार ने बताया कि गोष्ठी में नामवर शाइर हबीब कैफ़ी ने उम्मीदों पर सवार सकारात्मक सोच की गज़ल 'कल हुआ जो कल भी होगी, मुश्किल है तो हल भी होगा, प्रेम में सोच न था, साथ अपने चल भी होगा,'।

कवि व आलोचक कौशलनाथ उपाध्याय ने मौजूदा दौर के इंसानी फितरत का यथार्थ शब्दांकन करते कविता 'बहेलिया घूम रहा है आज, नए नए रूपों में, आप पहचानना चाहेंगे तो पहचान नहीं पाएंगे', कवयित्री पद्मजा शर्मा ने मां के वियोग में उदासीन पिता के मन की पीड़ा को अभिव्यक्त करती कविता 'आप पहले की तरह, सिर्फ मां के लिए कब हंसोगे पिताजी'।

युवा कवि कुलदीप सिंह भाटी ने प्रेम को नए ढंग से परिभाषित करते कविता 'प्रेम धरती पर एक अहिंसक क्रांति है', डॉ सूरज माहेश्वरी ने प्यार के एहसास पर आधारित गज़ल 'जो तेरा नूर हुआ हूं, यूं भी भरपूर हुआ हूं', गजलकार सैयद मुनव्वर अली ने 'जो रहे सबके लबों पर, उस हंसी को ढूंढिए', बंट सके सबके घरों को उस खुशी को ढूंढिए' गज़ल के माध्यम से इंसान के चेहरे से गुम होती हंसी का यथार्थ चित्रण पेश किया।

इसके अलावा गोष्ठी में बुजुर्ग शाइर अशफाक अहमद फौजदार ने 'मीर ओ ग़ालिब सा कहना भी दौलत है', कवि व रंगकर्मी प्रमोद वैष्णव ने मौजूदा दौर के सियासी चरित्र पर तंज कसते हुए कविता 'चलो आज हम कुर्सी कुर्सी खेलते हैं, बहुत मजा आएगा', शाइर रजा मोहम्मद खान ने 'दुश्मन का फैसला उसके वार से करो' एवं रंग निदेशक रमेश भाटी ने 'रात अमावस काली, रोशन करने दिवाली' प्रस्तुत कर खूब दाद बटोरी।

## पाली में कार्यों की समीक्षा हुई

**पाली**,(नि.सं.)। जिला प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव अश्विनी भगत ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की सेवा शिविरों, राज्य सरकार की फलैगशिप योजनाओं, जनसुनवाई एवं सम्पर्क व अन्य बिंदुओं की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य शहरी सेवा शिविरोएंव ग्रामीण सेवा शिविरोका उद्देश्य आमजन को राहत देना है व उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करना है उन्होंने कहा कि जनसुनवाई व सम्पर्क पोर्टल में भी इसी प्रकार समस्याओं का समाधान होना चाहिये। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं, शिविरो के बारे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त योजना, विधायक सांसद विकास योजना, स्वामित्व योजना, सत्यापन, ड्रोन दीदी, राजीविका, सार्वजनिक निर्माण विभाग क्षितग्रास्त सड़कों का पेचवर्क निर्धारित समय सीमा में, पीएचईडी में जेजेएम, जल संसाधन बांधो में पेयजल वितरण सफाई मरम्मत आदि, बिजली विभाग में रूफ टॉप सोलर व पीएम सूर्यघर योजना, कुसुम एबीसी योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। इसी प्रकार फर्टीलाईजर वितरण, कृषि विभाग व चिकित्सा विभाग में मौसमी बीमारियां, डेंगू मलेरिया, दवाइयां, संसाधन, विभागों के कामों की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने जिले में विभिन्न विभागों के कामों योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर बैठक में प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल, डीएफओ बाला मुरूगन, एडीएम डॉ बजरंग सिंह, एडीएम ओम प्रभा, सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



ये खेल अधिक प्रतिस्पर्धी होते जा रहे हैं और उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बधिरों को खेलों को एक स्वस्थ जीवनशैली के रूप में अपनाना चाहिए। - दीक्षा डागर

पेशेवर गोल्फर, डेफ ओलंपिक को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — शार्दुल ठाकुर



लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर, दोनों फ्रैंचाइजी के बीच हुए व्यापार के बाद, मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुंबई के इस ऑलराउंडर को लखनऊ सुपर जायंट्स ने लीग के 18वें संस्करण के लिए चोटिल खिलाड़ी के रूप में 2 करोड़ रुपये में चुना था, जहां उन्होंने 10 मैच खेले थे। शार्दुल जिन भी फ्रैंचाइजी का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं, उनके लिए एक उपयोगी खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने कई बार शानदार प्रदर्शन किया है। इस ऑलराउंडर को उनकी मौजूदा खिलाड़ी फीस 2 करोड़ रुपये पर मुंबई इंडियंस में व्यापार किया गया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने 2007 में उद्घाटन 20 विश्व कप और 2024 में भी यह खिताब जीता।

# हमारे पास बेहतरीन ऑलराउंडर है : गिल



कोलकाता, 13 नवंबर। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि वह इतने भाग्यशाली हैं कि उनके पास इतने अच्छे आलराउंडर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट की पूर्व संध्या पर गिल ने कहा,मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूँ कि सभी ऑलराउंडर इतने अच्छे बल्लेबाज हैं। आप किसी का भी रिकॉर्ड देख सकते हैं, अक्षर पटेल का, वाशिंगटन सुंदर का या जड्डू भाई का। उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी का रिकॉर्ड बहुत अच्छा है, खासकर भारत में, इसलिए एक कप्तान के तौर पर यह तय करना बहुत मुश्किल होता है कि आप किसे खिलाना चाहते हैं और किसे नहीं।'' ये ऑलराउंडर उन्हें स्पिनरों के तौर पर भी बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से ऐसे विकेट पर जहाँ गेंद घूम रही हो, गेंद को घूमने के लिए थोड़ा समय चाहिए होता है। इसलिए आम तौर पर ऑफ-द-विकेट, जब तक कि आप लाल मिट्टी वाले विकेट पर नहीं खेल रहे हों, गति थोड़ी धीमी होती है। इसलिए अगर आपके गेंदबाज तेज गति से गेंदबाजी कर रहे हैं, तो इससे बल्लेबाजों को तालमेल बिठाने का थोड़ा कम समय मिलता है।

गिल इंग्लैंड से काफ़ी प्रतिष्ठा के साथ लौटे हैं। वह वहां सीरीज में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की चाहत लेकर गए थे और 754 रन बनाकर अपनी बात पर खरे उतरे। उन्होंने संसाधनों, कार्यभार और कड़े फैसलों को उसी तरह संभाला जैसे कोई भी पहली बार कप्तान बनने वाला खिलाड़ी किसी कठिन विदेशी दौरे पर कर सकता है। फिर अपने पहले घरेलू मैच में एक कर्वबॉल ने उन्हें परेशान कर दिया।

यह आत्म-जागरूकता एक ऐसे कप्तान के लिए ताज़गी देने वाली है जो अपने घरेलू मैदान पर खुद को ऐसी ही परिस्थितियों में पाता है। क्रिकेट के ऐसे लंबे दिन होंगे जो कड़ी धूप में खिंचेंगे, जहाँ खुद को संयमित रखने की ज़रूरत उन्हें एक अच्छे और महान कप्तान से अलग करेगी।

मुझे लगता है कि अपनी तैयारियों में, मैं मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित करता हूँ कि मैं एक बल्लेबाज के रूप में कैसे सफल हो सकता हूँ, और फिर जब हम मैदान पर होते हैं, तो मैं चाहता हूँ कि जब भी मैं अपनी टीम की कप्तानी कर रहा होता हूँ, मेरी सहज प्रवृत्ति हावी हो जाए। गिल ने कहा, ''तभी मुझे लगता है कि मैं टीम के लिए रणनीतिक रूप से सबसे अच्छे फैसले लेता हूँ।'' यह उनकी बल्लेबाजी और कप्तानी को तर्कसंगत बनाने का उनका तरीका है, ताकि दोनों के तार आपस में न उलझें और दोनों प्रक्रियाओं में कोई गड़बड़ी न हो।

अपने कार्यभार के बारे में उन्होंने कहा, ''मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रहा हूँ कि इसे कैसे प्रबंधित किया जाए।'' गिल ने ऑस्ट्रेलिया में सभी पांच टी20 मैचों में हिस्सा लिया, जो 8 नवंबर तक चले और फिर टेस्ट टीम की अगुवाई करने के लिए कोलकाता पहुंचे। ''मुझे लगता है कि एशिया कप से ही हम लगातार खेल रहे हैं, विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं, 4-5 दिन। इसलिए मैं यह भी जानने की कोशिश कर रहा हूँ कि मुझे उन सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करने और सफल होने का सबसे अच्छा मौका क्या देता है जिनमें मैं खेलने वाला हूँ।

''जब हम इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में खेलते हैं, तो तेज़ गेंदबाज़ों पर कार्यभार भारत की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक होता है। लेकिन साथ ही, तेज गेंदबाज यहाँ अपने स्पेल को भी पहचानते हैं - अगर गेंद रिवर्स हो रही है, तो वे 4-5 ओवर पूरी गति से फेंकेंगे।'' वहीं, अगर आप इंग्लैंड जैसे देश में खेल रहे हैं जहाँ तेज़ गेंदबाज़ ज़्यादातर ओवर फेंकने वाले हैं, तो काम का बोझ बढ़ जाता है।

## पहले टेस्ट के लिए दोनों टीमों की प्लेइंग-11 पर एक नजर

कोलकाता, 13 नवंबर। भारत और दक्षिण अफ्रीका शुक्रवार से यहां ईडन गार्डन्स में होने वाले पहले टेस्ट के लिए तैयार हो गए हैं। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन पर एक नजर इस प्रकार है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत लगभग दस खिलाड़ियों के साथ खेला था। नितीश कुमार रेड्डी को मौके दिए गए क्योंकि भारत एक तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर तैयार करना चाहता है। हालांकि पूरी सीरीज में उनका योगदान सीमित रहा। अब जब ऋषभ पंत फिट हैं, तो भारत ने ध्रुव जुरेल को बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज टीम में बनाए रखा है और रेड्डी को इंडिया ए टीम में भेजा गया है। बाक़ी टीम में किसी भी बदलाव की संभावना नहीं है। दक्षिण अफ्रीका को वह संयोजन अपनाना चाहिए, जिससे उन्होंने पाकिस्तान के ख़िलाफ रावलपिंडी में पिछला टेस्ट जीता था। उनके प्रमुख गेंदबाज़ों की बल्लेबाज़ी क्षमता उन्हें बिना गेंदबाज़ी कमज़ोर किए टीम में गहराई देती है। मार्को यानसन को वियान मुल्डर पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए क्योंकि यहां पारंपरिक सीम गेंदबाज़ी को ज़्यादा मदद नहीं मिलेगी। वहीं वापसी करने वाले कप्तान तेम्बा बावुमा, डेवाल्ड ब्रेविस की जगह लेंगे।

**पिच और परिस्थितियां** - शुरुआती संकेत बताते हैं कि ईडन गार्डन्स में बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी पिच होगी, जो शायद रिवर्स स्विंग को खेल में ला सकती है। पिच पर ज्यादा घास नहीं होगी और ना ही यह बहुत सूखी या फटी होगी। टॉस हारने वाली टीम के लिए चुनौती भरा दिन हो सकता है।

**भारत ( संभावित ) :** 1 यशस्वी जायसवाल, 2 केएल राहुल, 3 बी साई सुदर्शन, 4 शुभमन गिल (कप्तान), 5 ऋषभ पंत (विकेटकीपर), 6 ध्रुव जुरेल, 7 रवींद्र जडेजा, 8 वॉशिंगटन सुंदर, 9 कुलदीप यादव, 10 जसप्रीत बुमराह, 11 मोहम्मद सिराज, **साउथ अफ्रीका ( संभावित ) :** 1 एडन मार्करम, 2 रियान रिकलटन, 3 ट्रिस्टन स्टब्स, 4 टोनी डे ज़ॉर्जी, 5 तेम्बा बावुमा (कप्तान), 6 काइल वेरेन (विकेटकीपर), 7 सेनुरन मुतुसामी, 8 साइमन हार्मर, 9 मार्को यानसन, 10 केशव महाराज, 11 कगिसो रबाडा।

# भारत-ए ने दक्षिण अफ्रीका-ए को चार विकेट से हराया



राजकोट, 13 नवंबर। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऋतुराज गायकवाड़ (117) की शतकीय और कप्तान तिलक वर्मा (39) की शानदार पारियों के दम पर भारत ए ने गुरुवार को पहले अनौपचारिक एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ए टीम को तीन गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। 286 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए की ऋतुराज गायकवाड़ और अभिषेक शर्मा की सलामी जोडी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 10वें ओवर में ब्योर्न फ़ोर्टेन ने अभिषेक शर्मा को आउटकर दक्षिण अफ्रीका ए को पहली सफलता दिलाई।

अभिषेक शर्मा ने 25 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रन बनाये। 14वें ओवर में रियान पराग आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने गायकवाड़ के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 89 रनों की साझेदारी हुई। तीसरे विकेट के रूप में तिलक वर्मा 39 रन बनाकर आउट हुये। इशान किशन (17) और नीतीश कुमार रेड्डी 37 रन बनाकर आउट हुये। 41वें ओवर में टियान वैन वुरेन ने ऋतुराज गायकवाड़ को आउट किया। ऋतुराज गायकवाड़ ने 129 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 117 रन बनाये। भारत ने 49.3 ओवर में छह विकेट पर 290 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। निशांत संधु 29 रन और हर्षित राणा छह रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए टियान वैन वुरेन, ब्योर्न फ़ोर्टेन और ऑटनील बार्टमैन को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ए ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ए की शुरुआत बेहद खराब रही और भारतीय गेंदबाजों ने महज 16 रन के स्कोर पर उसके चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। पहले ओवर में अर्शदीप सिंह ने रूबिन हरमन (शून्य) का शिकार किया। इसी ओवर में ओवर में तिलक वर्मा ने जॉर्डन हरमन (शून्य) को रनआउट कर भारत दूसरी सफलता दिलाई।

# शेरफेन रदरफोर्ड को गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में ट्रेड किया गया

मुंबई, 13 नवंबर। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड, गुजरात टाइटन्स (जीटी) से सफल ट्रेड के बाद, आईपीएल 2026 सीजन में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। जीटी द्वारा 2.6 करोड़ रुपये की फीस पर खरीदे गए रदरफोर्ड अपनी मौजूदा फीस पर मुंबई टीम में शामिल होंगे। 27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के लिए 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आंद्रे रसेल के साथ 139 रनों की साझेदारी की थी। रदरफोर्ड ने अब तक 23 आईपीएल मैच खेले हैं, इससे पहले उन्होंने 2019 में दिल्ली कैपिटल्स और 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2020 में मुंबई इंडियंस और 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन सीजन के दौरान प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे।



# बांग्लादेश के गेंदबाजों ने आयरलैंड को बड़ी हार की ओर धकेला

*सिलहट, 13 नवंबर। बंगलदेश ने महमुदुल हसन जॉय (171) और कप्तान नजमुल शान्तो की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय दूसरी पारी में आयरलैंड के 86 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर अपनी टीम के लिए बड़ी जीत का दरवाजा खोल दिया। एक विकेट पर 338 रन से आगे खेलते हुए आज बंगलादेश को दूसरा झटका सुबह के सत्र में बैरी मक्कार्थी ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे महमुदुल हसन जॉय को आउटकर दिया। महमुदुल हसन जॉय ने 286 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए 171 रन बनाये। इसके बाद 89वें ओवर में मक्कार्थी ने मोमिनुल हक (82) को अपना शिकार बना लिया। मुशफिकुर रहीम (23), लिटन कुमार दास 60 रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों को मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। कप्तान ने 114 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 100 रन बनाये। उन्हें एंडी मैक्ब्राइन ने आउट किया। मेहदी हसन मिराज (17) और हसन मुराद 16 रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश ने 141 ओवर में आठ विकेट पर 587 का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद 301 की बढ़त के साथ पारी घोषित कर दी। आयरलैंड की ओर से मैथ्यू हम्फ्रीज को पांच विकेट मिले। बैरी मक्कार्थी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। एंडी मैक्ब्राइन ने एक विकेट लिया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ही ओवर में केड कार्माइकल (पांच) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद हैरी टेक्टर ने पॉल स्टर्लिंग के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़े। इसी दौरान 18वें ओवर में पॉल स्टर्लिंग (43) रनआउट हो गये। हैरी टेक्टर (18), कर्टिस कैमफर (पांच) और लोर्कान टकर नौ रन बनाकर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने 29 ओवर में पांच विकेट पर 86 रन बना लिये है और वह अभी भी बंगलादेश के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 215 रन पीछे है। बंगलादेश के लिए हसन मुराद ने दो विकेट लिये। नाहिद राणा और तैजुल इस्लाम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।*

# अर्जुन एरिगैसी और पी. हरिकृष्णा प्री-क्वार्टर फाइनल में, आर. प्रज्ञानंदधा बाहर

पणजी, 13 नवंबर। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने गुरुवार को दोनों रैपिड गेम्स में ग्रैंडमास्टर पीटर लेको को हराया, जबकि पी हरिकृष्णा ने दूसरे गेम में ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस को हराकर मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया और फिडे विश्व कप 2025 के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, आर प्रज्ञानंदधा का अभियान पांचवें राउंड में पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव से हारने के बाद समाप्त हो गया। प्रणव वी और कार्तिक वेंकटरमन के पांचवें राउंड में क्लासिकल गेम्स में हारने के बाद, टाईब्रेक में तीन भारतीय थे और उनमें से दो अंततः अगले राउंड में पहुंच गए। अर्जुन दिन के सबसे बड़े स्टार साबित हुए क्योंकि उन्होंने शुरुआती रैपिड गेम काले मोहरों के साथ 40 चालों में जीत लिया। उन्होंने लेको की मोहरों की बलि देने की गलती का फायदा उठाया और फिर किल का प्रयास किया। दूसरे गेम में, हंगरी के खिलाड़ी को जीतना जरूरी था और भारतीय खिलाड़ी ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए 57 चालों में जीत हासिल की। अर्जुन ने कहा, ''मैं बहुत खुश हूँ। टाईब्रेक अच्छा रहा। क्लासिकल गेम काफ़ी कड़े थे और दूसरे गेम में मुझे थोड़ी बढ़त मिली थी, लेकिन उसने ड्रॉ खेलने में अपनी कुशलता दिखाई। लेकिन टाईब्रेक में, मैं काफ़ी हद तक नियंत्रण में था। अर्जुन का सामना अब दो बार के विश्व कप विजेता ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन से होगा। हरिकृष्णा भी अगले दौर में पहुंच गए, जिन्होंने शुरुआती गेम में काले मोहरों के साथ ग्रैंडेलियस को रोकने में कामयाबी हासिल की।

## चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता
## सावन के शतक, एनबी क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत




जयपुर, 13 नवम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज एन.बी क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने सावन 135 रन (65 गेंद, 18 चौके, 4 छक्के) के शतक की बदौलत एलिट क्रिकेट एकेडमी को 91 रन से हराकर महत्त्वपूण 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर एनबी. क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सावन 135 रन नाबाद व दर्शिल घीया 29 रन ने मिलकर 5.1 ओवर में 67 रन जोड़कर शानदार शुरुआत की। सावन के साथ मध्यक्रम में नारायण सिंह 28 रन अभिषेक मीणा 17 रन नाबाद के साथ मिलकर निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 227 रन पंहुचा दिये। एलिट स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से राहुल 27 रन पर 2 विकेट, जसविन्दर सिंह 45 रन पर 1 विकेट सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में गेंदबाजी के बाद राहुल ने बल्लेबाजी में भी दमखम दिखाते हुये 58 रन (36 गेंद, 8 चौके, 2 छक्के) की अद्धर्शतकीय पारी खेली उनके अलावा सोहन 23 रन को छोड़कर एलिट स्पोर्ट्स एकेडमी का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में विफल रहा और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी रोहन मीणा 13 रन पर 3 विकेट, मोहम्मद कुर्बान 21 रन पर 2 विकेट तथा जीतू रावत, नारायण सिंह व अतुल कुमार प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच सावन एन.बी. क्रिकेट एकेडमी रहे।

## राजस्थान टीम के चयन हेतु प्रक्रिया के संबंध में एक अवलोकन समिति का गठन

जयपुर, 13 नवम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की तदर्थ कार्यकारिणी के बहुमत से यह निर्णय लिया गया है कि जूनियर, सीनियर (पुरुष) एवं महिला चयन समितियों द्वारा चयनित खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया की देखरेख हेतु निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित की गई है:- सतीश व्यास, महेंद्र शर्मा, मानद कोषाध्यक्ष, डीसीए उदयपुर, सुमेंद्र तिवारी मानद सचिव, डीसीए धौलपुर, रतन सिंह मानद सचिव, डीसीए बीकानेर, अरिथ सिंघवी, मानद सचिव, डीसीए जालौर। मानद सचिव, डीसीए जोधपुर। उपर्युक्त समिति राजस्थान क्रिकेट संघ को राजस्थान टीमों के चयन हेतु अपने क्रिकेट अनुभव से सहायता प्रदान करेगी।

# भारतीय टेनिस टीम बेंगलुरु में इतिहास रचने की कोशिश में

बेंगलुरु, 13 नवंबर। भारतीय महिला टेनिस टीम शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में अपने बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ अभियान की शुरुआत करेगी। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ़ में दुनिया की 14वें नंबर की टीम नीदरलैंड और 19वें नंबर की टीम स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। तीनों टीमें राउंड-रॉबिन मैचों में आमने-सामने होंगी और ग्रुप विजेता 2026 के क्वालीफायर में पहुंच जायेंगी। अन्य दो टीमें अगले सीजन के लिए अपने-अपने 2026 क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ जायेंगी। भारत बिली जीन किंग कप के क्वालीफायर में कभी आगे नहीं बढ़ पाया है। नीदरलैंड और स्लोवेनिया शुक्रवार को ग्रुप का पहला मुकाबला खेलेंगे। नीदरलैंड की अगुवाई दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुज़ैन लामेंस करेंगी, जबकि स्लोवेनिया की टीम में पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा ज़िदानसेक शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा, उसके बाद रविवार को नीदरलैंड से मुकाबला होगा। विश्व की 309वें नंबर की खिलाड़ी सहजा यामालापल्ली, जो इन मुकाबलों के लिए भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी हैं, बेंगलुरु में टीम का नेतृत्व करेंगी। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने मेक्सिको में डब्ल्यूटीए 125 इवेंट में 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को हराया था। वह पिछले महीने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं। एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना, जो वर्तमान में एकल वर्ग में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 482वें स्थान पर हैं, भी टीम में हैं। श्रीवल्ली भामिदीपती (रैंक 381), रिया भाटिया (रैंक 468) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे टीम की अन्य सदस्य हैं। भारतीय टेनिस टीम ने अप्रैल में बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में दूसरे स्थान पर रहकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत इससे पहले 2021 में प्ले-ऑफ में पहुंचा था, जहां उसे लातविया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

# भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं पर रहेगी नजर

नई दिल्ली, 13 नवंबर। भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाएं शुक्रवार को कतर के दोहा में शुरू होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में सुर्खियों में रहेंगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट - जिसका पहला आयोजन 2013 में इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के रूप में हुआ था - अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है। 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, नए राइजिंग स्टार्स बैनर तले पहली बार आयोजित की जाएगी। अंडर-23 भारतीय क्रिकेट टीम ने सिंगापुर में आयोजित पहले संस्करण में जीत हासिल की थी, जबकि अफ़ग़ानिस्तान ए ने पिछले साल ओमान में आयोजित पिछले इमर्जिंग टीम एशिया कप का खिताब जीता था। श्रीलंका और पाकिस्तान भी पिछले चैंपियन हैं। इस साल का संस्करण 14 से 23 नवंबर तक चलेगा, जिसमें आठ टीमें - पूर्ण सदस्य देशों की पांच ए या विकासात्मक टीमें और तीन सहयोगी राष्ट्रीय टीमें - महाद्वीपीय टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए क्रिकेट टीम को ग्रुप बी में पाकिस्तान शाहीन (पाकिस्तान ए), यूएई और ओमान के साथ रखा गया है। पिछले साल की विजेता अफ़ग़ानिस्तान, ग्रुप ए में है।

# कूच बिहार ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम घोषित



जयपुर, 13 नवम्बर। बीसीसीआई की आगामी अंडर 19 कूचबिहारट्रॉफी ( डेज ) के लिए राजस्थान जूनियर चयन कमेटी ने आरसीए द्वारा आयोजित अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान टीम का चयन किया। राजस्थान का मुकाबला आगामी 16-19 नवम्बर को पॉण्डिचेरी टीम के विरुध्दजयपुर में होगा।

**अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी ( डेज ) के लिए घोषित राजस्थान टीम :-** कुशाग्र ओझा (कप्तान), मनय कटारिया (उपकप्तान), आदित्य सैनी, चिराग सुखवाल, गुलाब सिंह, अभिषेक मुंड, हनी प्रताप सिंह, जतिन सैनी, कविश घुणावत, केतनदेवासी नावेदखान, ओसनिक ग्रोवर, रक्षित लुनावत, सानिल दुल्लर, शिफॉन खान, शिवांग सिंह शेखावत।

# विनय की घातक गेंदबाजी से तारिक एकेडमी 7 विकेट से विजयी




जयपुर, 13 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट एकेडमी जगतपुरा में खेले गये मुकाबले में तारिक क्रिकेट एकेडमी ने विनय शर्मा 7 ओवर 3 मेडन 12 रन 5 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर तारिक क्रिकेट एकेडमी ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया उनका यह फैसला सही प्रतीत हुआ जब मीडियम पेसर विनय शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 12 रन पर 5 विकेट लेकर विपक्षी टीम की बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। तारिक क्रिकेट एकेडमी की ओर से सम्बित 15 रन पर 2 विकेट तथा गवनेश व विवेक प्रत्येक 1-1 विकेट ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुये पूरी टीम को 19.1 ओवर में मात्र 72 रन पर समेटने में महत्वपूर्ण योगदार दिया। डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की ओर से जय शर्मा 32 रन ही एक मात्र बल्लेबाज रहे जो विपक्षी गेंदबाजों का डटकर मुकाबला कर सके। जवाबी पारी में तारिक किक्रेट एकेडमी की ओर से भव्य सैनी 38 रन नाबाद नीरज 11 रन, दक्ष 10 रन नाबाद ने मिलकर विजय लक्ष्य 73 रन 3 विकेट खोकर मात्र 12.2 ओवर में हासिल कर 7 विकेट से जीत दिला दी। डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की ओर से एक मात्र सफल गेंदबाज 12 वर्षीय सम्यक जैन 21 रन पर 3 विकेट रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच विनय शर्मा तारिक क्रिकेट एकेडमी रहे।

# अंडर-23 एक दिवसीय ट्रॉफी में राजस्थान ने हरियाणा को हराया, अमोल चेलानी शतक से चूके




जयपुर, 13 नवम्बर। अहमदाबाद में खेली जा रही अंडर 23 एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने हरयाणा को 5 विकेट से हराया। राजस्थान की जीत में अमोल चेलानी 99 रन बनाते हुए मैच मेंशतक से चुके। हरयाणा पारी 306 आल आउट। टीम के लिए विवेक कुमार 119, अंश 54, ऋषभ 44, सर्वेश 39 रन।

राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 47 / 4, दीपेंद्र 51 / 3 व चेतन शर्मा 65 / 2 व मोहित चांगरा 47 / 1 विकेट। राजस्थान पारी 307 / 5, लक्ष्य को राजस्थान टीम ने अमोल चेलानी, मुकुल चौधरी के अर्धशतकों व रोहन राजभर, अनिरुद्ध सिंह की शानदार बल्लेबाजी की सहायता से 5 विकेट के नुकसान पर 307 रन बनाते हुए मैच में विकेट से जीत दर्ज की। टीम के लिए अमोल चेलानी 99, मुकुल चौधरी नाबाद 58, अनिरुद्ध सिंह चौहान 43, रोहन राजभर नाबाद 33 व करण लाम्बा 28 रन। हरयाणा के गेंदबाज प्रथम 51/2 ।

## अंडर 19 वीमेन चैलेंजर ट्रॉफी

वृंदा शर्मा का शतक, तानिया शर्मा, भव्या, प्रीत, अनुष्का, धृति, प्रियांशी, अल्पना के अर्धशतक, पलक, अनुष्का की बढ़िया गेंदबाजी।

**पहला मैच** टीम एच - टीम ई (टीम एच जीती), टीम एच पारी 235 आल आउट। टीम के लिए वृंदा शर्मा 115, मुस्कान 31 रन। टीम ई के गेंदबाज वध्या 30/2 विकेट। टीम ई पारी 161/8, टीम के लिए संजू 26 व मानशि 24 रन। टीम एच के गेंदबाज पलक 19/4 व तम्मना 13/2 विकेट।

**दूसरा मैच** टीम बी - टीम सी (टीम सी जीती), टीम बी पारी 224/4, टीम के लिए गौरवी 75, भव्या नाबाद 58, अंशुका 31, अनु 24 व तानिया शर्मा 16 रन। टीम सी की गेंदबाज भूमिका, वंशिका, मीनाक्षी, हृतिका 1-1 विकेट। टीम सी पारी 226/5, टीम के लिए तानिया शर्मा नाबाद 91, हैप्पी 37, रिया 37 व अंशु 23 रन। टीम बी की गेंदबाज संजू 25/2 विकेट।

**तीसरा मैच** टीम ऐ - टीम डी (टीम डी जीती), टीम ऐ पारी 243 आल आउट। टीम के लिए मैना 38, कनिष्का 34 व कंचन 33 रन, टीम डी की गेंदबाज अनुष्का 28/3, प्रियंका, ऋषिता 2-2 विकेट। टीम डी पारी 247/4, टीम के लिए प्रीत नाबाद 92, अनुष्का नाबाद 50, औली श्रीमाली 39 रन टीम ऐ की गेंदबाज सरोज, प्रिया 1 - 1 विकेट।

**चौथा मैच** टीम एफ - टीम जी (टीम एफ जीती), टीम एफ पारी 187/6, टीम के लिए धृति माथुर 69, प्रियांशी 64 रन। टीम जी की गेंदबाज अल्पना, दिव्यांशी, शिवानी, निकिता, प्रिया प्रत्येक 1-1 विकेट। टीम जी पारी 114/9, टीम के लिए अल्पनां 56 रन, टीम एफ की गेंदबाज रुतबा 14 / 2 व तनुश्री 20 / 2 विकेट।

# ब्रदर्स ने फुटसल को 12-0 से हराया

जयपुर, 13 नवम्बर। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में गाड़ौता स्थित फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड के फुटबॉल मैदान पर जारी अंडर - 17 बॉयज राजस्थान लीग 2025 - 26 के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए, संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पहला मुकाबला स्टेट फुटबॉल एकेडमी जोधपुर और राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 3 - 0 से अपने नाम किया, विजेता टीम की तरफ से शुभ, चुंग और ककचिंगदबाम ने एक - एक गोल किया, दूसरा मैच रिहान फुटबॉल एकेडमी और जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में जयपुर एलीट ने मानव के अंतिम क्षण में किए गोल से मुकाबला 2 - 1 से जीत लिया, एलीट की तरफ से जतिन और मानव ने एक - एक गोल तथा रिहान की तरफ से अंकुर ने एकमात्र गोल किया।

# लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की शुरुआत 12 जुलाई से होगी

नई दिल्ली, 13 नवंबर। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की बहुप्रतीक्षित वापसी 12 जुलाई से शुरू होगी, और उसी महीने की 20 और 29 तारीखें पदक मुकाबलों के लिए निर्धारित हैं। आयोजकों ने बुधवार को लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों के लिए प्रतियोगिता कार्यक्रम जारी किया। अब तक ओलंपिक में क्रिकेट की एकमात्र उपस्थिति पेरिस 1900 में हुई थी, जिसमें केवल दो टीमें - एक ग्रेट ब्रिटेन की और एक फ्रांस की - एक दो दिवसीय मैच में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं - जिसे अब एक अनौपचारिक टेस्ट के रूप में मान्यता प्राप्त है। ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता। लॉस एंजेलिस 2028 में, क्रिकेट पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग टी20 प्रारूप टूर्नामेंटों के साथ और भी आधुनिक रूप में वापसी करेगा - प्रत्येक टूर्नामेंट के अपने-अपने पदक होंगे - स्वर्ण, रजत और कांस्य। 14 और 21 जुलाई को लॉस एंजेलिस 28 में कोई क्रिकेट मैच निर्धारित नहीं है। ज़्यादातर मैच के दिन दो मैच होंगे, जिनमें स्थानीय लॉस एंजेलिस समय के अनुसार खेल सुबह 9:00 बजे और शाम 6:30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही नियम है। भारतीय मानक समय के अनुसार, पहला मैच रात 9:30 बजे से शुरू होगा जबकि दूसरा मैच अगले दिन सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। पुरुष और महिला दोनों ही टूर्नामेंटों में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें कुल 28 मैच होंगे। प्रत्येक लिंग के लिए कुल 90 एथलीट कोटा आवंटित किए गए हैं, जिससे प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकेगी।

# आईपीएल 2026 में वॉटसन होंगे केकेआर के सहायक कोच

कोलकाता, 13 नवंबर। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेल चुके क्वींसलैंड के शेन वॉटसन, अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने दिल्ली में ऊर्जा, जल परियोजनाओं व स्किल डवलपमैंट पर चर्चा की

## वे ऊर्जा मंत्री खट्टर, जल शक्ति मंत्री पाटिल व कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी से मिले

नई दिल्ली/जयपुर, 13 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल एवं केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास को नए आयाम देने की दिशा में शहरी विकास, ऊर्जा, जल परियोजनाओं एवं कौशल विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सौर ऊर्जा व विद्युत निकासी सुदृढ़ीकरण, फिरोजपुर फीडर रीलाइनिंग व रामजल सेतु की प्रगति से केन्द्रीय मंत्रियों को अवगत कराया।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राजस्थान में सौर ऊर्जा के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।*

मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भेंट के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में राजस्थान में भारत के सौर ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने की अपार संभावनाओं को देखते हुए विद्युत निकासी के सुदृढ़ीकरण को लेकर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात के दौरान प्रदेश में जल आपूर्ति, जल संचयन सहित, जल परियोजनाओं पर वार्ता की। दोनों के मध्य फिरोजपुर फीडर रिलाइनिंग एवं रामजल सेतु लिंक परियोजना की प्रगति को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश में चल रहे "कर्मभूमि से मातृभूमि" अभियान की सफलता की सराहना की गई।

इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से भी मुलाकात की। शर्मा एवं चौधरी के बीच केन्द्र सरकार के सहयोग से राजस्थान को स्किल डवलपमेंट हब बनाने से जुड़े रोडमैप पर चर्चा की गई।

## मोदी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जुड़ा आठवां गिरफ्तार व्यक्ति 40 वर्षीय डॉ. शाहीन सईद है, जो फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में अध्यापन कर रही थी। उन्होंने एक सरकारी सूत्र के हवाले से बताया कि शाहीन की कार से एक असॉल्ट राइफल बरामद की गई और यह भी दावा किया गया कि "उसे पता था कि उसकी कार से विस्फोटक सामग्री ले जाई जा रही थी।" आरोप है कि वह कश्मीर घाटी के बाहर आतंकी संगठन के लिए एक नया ठिकाना (बेस) तैयार करने के प्रयास का हिस्सा थी।

# छः दिसम्बर को पूरे देश में 32 कारों से सीरियल ब्लास्ट की साजिश थी

- **लाल किले के पास हुए कार विस्फोट की जांच में हो रहे हैं सनसनीखेज खुलासे**
- **सीरियल ब्लास्ट के लिये ब्रैत्ज़ा, स्विफ्ट डिज़ायर और आई-20 जैसी 32 गाड़ियां जुटाई गई थीं, श्रीनगर का रहने वाला एक और संदिग्ध डॉ. निसार भी फरार है।**

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार धमाके की जांच में लगातार रोंगटे खड़े करने वाले खुलासे हो रहे है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह धमाका एक बड़ी और खतरनाक साजिश का छोटा सा हिस्सा था। आतंकियों का मकसद बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी, यानी 6 दिसंबर को, दिल्ली सहित देशभर में 32 कारों में बम लगाकर सीरियल ब्लास्ट करना था। वे बाबरी का बदला लेना चाहते थे। इस धमाके में अब तक 13 लोगों की जान जा चुकी है। इस सीरियल रिवेंज अटैक के लिए ब्रैत्ज़ा, स्विफ्ट डिज़ायर और आई20 जैसी 32 गाड़ियां जुटाई गई थीं। 10 नवंबर को आई20 कार में हुआ धमाका इसी का हिस्सा था। जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें मिल चुकी हैं। केंद्र सरकार ने भी इस ब्लास्ट को आतंकी हमला मान लिया है। इस बीच, हरियाणा के खंदावली गांव में एक और लावारिस गाड़ी मिलने से हड़कंप मच गया है, जिसकी जांच एनएसजी की टीम कर रही है। इस पूरे मॉड्यूल का केंद्र फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी बन गई थी। यहीं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल गनी ने किराए के कमरे को विस्फोटक जमा करने का अड्डा बनाया था।

## 'अगर सरकार नहीं ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

माँग हुई तो भाजपा नीतीश कुमार को एक और कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बनाने के पूरे विरोध में शायद नहीं होगी।

एक प्रश्न के उत्तर में, वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद को लेकर फैसला नतीजों के बाद ही लिया जाएगा। लेकिन पार्टी खेमे में बढ़ती चिंता अब स्पष्ट दिख रही है। आंतरिक आकलनों के मुताबिक, भाजपा के कई मौजूदा मंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में कड़े मुकाबले का सामना कर रहे हैं। अगर भाजपा की सीटों की संख्या 2020 के मुकाबले घटती हैं, तो मुख्यमंत्री पद पर उसका दावा कमजोर हो जाएगा और उसे चुनाव बाद नए समीकरणों पर विचार करना पड़ सकता है। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने स्वीकार किया, "अगर संख्या नहीं बढ़ी, तो केन्द्रीय नेतृत्व के लिए भाजपा के मुख्यमंत्री पर अड़े रहना मुश्किल होगा।"

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती है और कांग्रेस की सीटें बढ़ती हैं, तो स्थिति तेजस्वी यादव के पक्ष में जा सकती है। सूत्र बताते हैं कि आरजेडी ने पहले से ही एक आक्रामक रणनीति तैयार कर ली है, ताकि नतीजों के बाद भाजपा के किसी भी राजनीतिक कदम का तुरंत जवाब दिया जा सके और जल्दी से बहुमत हासिल किया जा सके।

बिहार में शुक्रवार को वोटों की गिनती से पहले भाजपा एक पारंपरिक राजनीतिक दुविधा में फंसी दिख रही है - क्या वह अपनी "अकेले चलने" की महत्वाकांक्षा पर कायम रहे या व्यावहारिक होकर एक बार फिर नीतीश कुमार को गले लगाये, ताकि राज्य की जटिल सत्ता संरचना में अपनी पकड़ बनाए रख सके।

## सख्त सुरक्षा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आरजेडी और कांग्रेस शामिल हैं और जिसका नेतृत्व तेजस्वी यादव कर रहे हैं, को अप्रत्याशित जीत मिलेगी।

चुनाव आयोग (इलैक्शन कमीशन-ईसी) ने बताया है कि मतगणना 38 जिलों के 46 केन्द्रों पर होगी। कुल 7.4 करोड़ पात्र मतदाता 2,600 से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

चुनाव आयोग ने बताया, 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में हुए मतदान में करीब 67 प्रतिशत लोगों ने हिस्सा लिया, जो स्वतंत्र भारत में 1951 से अब तक बिहार में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है।

नतीजों से पहले के दिनों में सुरक्षा व्यवस्था बहुत कड़ी कर दी गई है, क्योंकि आरजेडी ने चुनाव आयोग और राज्य प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 के नतीजों से एक दिन पूर्व, गुरुवार को पटना के एएन कॉलेज, जो मतगणना केन्द्र है, के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई।

ईसी अधिकारियों के अनुसार, मतदान मशीनें स्ट्रॉन्ग रुम्स में "डबल लॉक सिस्टम" से सील की गई हैं। इन परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था द्वि-स्तरीय रखी गई है- भीतरी घेरे की जिम्मेदारी केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों को सौंपी गई है, जबकि बाहरी सुरक्षा राज्य पुलिस कर रही है। सभी जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, खासकर इस स्थिति में, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहा है, पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। यह कार्य केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों और उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा।

## नई ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में छूट दी जाए या नहीं। इसके बावजूद, एकलपीठ ने सरकार के राजनीतिक दबाव में होने, जातीय लॉबी समूह के वोटों के दबाव और कई इंटरनेशनल मीडिया की रिपोर्टिंग में युवाओं के भविष्य को लेकर चिंता जताने की बात कही। जबकि याचिका में किसी भी पक्ष की ओर से इस संबंध में कोई बहस नहीं की गई थी और न ही याचिका में इस तरह की कोई प्रार्थना की गई थी। इसके बावजूद एकलपीठ ने इस तरह की गंभीर टिप्पणियां कर दीं।

## बांग्लादेश सरकार ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मिलकर "जुलाई चार्टर" नामक दस्तावेज़ तैयार किया, जिसमें बांग्लादेश के पुनर्निर्माण और राज्य संस्थाओं के सुधार का खाका प्रस्तुत किया गया।

इस चार्टर में मांग की गई कि छात्र आंदोलन और सरकार के निष्कासन को संवैधानिक रूप से मान्यता दी जाए और नए संविधान में "संतुलन और नियंत्रण" के सिद्धांतों को शामिल किया जाए। इसमें कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका के अधिकारों की सीमाएँ स्पष्ट रूप से तय करने की बात भी कही गई। इसके अलावा, छात्रों ने यह भी मांग की थी कि बांग्लादेश को बहु-जातीय, बहु-धार्मिक और बहुभाषी राष्ट्र के रूप में पुनर्गठित किया जाए। उनका कहना था कि जब तक इस चार्टर को स्वीकृति नहीं मिलती, तब तक नया चुनाव वैध नहीं ठहराया जा सकता। इसीलिए, राष्ट्रीय चार्टर पर जनमत संग्रह और संसदीय चुनाव दोनों एक ही दिन कराए जाने का प्रस्ताव है। चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार को इस चार्टर को अपनी नीतियों की आधारशिला बनाना होगा।

वर्तमान सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने वादा किया है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे। हालांकि अभी तक कोई ऐसा संकेत नहीं मिला है कि प्रमुख राजनीतिक दल अवामी लीग को प्रतिबंधित दलों की सूची से हटाया जाएगा या नहीं।

## भारत ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ठिकानों में शुमार न्योमा एयर बेस करीब 13 हजार 500 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। इस बेस से चीन की सीमा केवल 23 किलोमीटर दूर है। थॉयस, करगिल और लेह के बाद लद्दाख में यह वायु सेना का चौथा बेस है।

## तेज ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से गौरीशंकर उछलकर दूर जा गिरा। वहीं सोनू, बाइक सहित डंपर के नीचे घसीटता हुआ चला गया, जिसके बाद सोनू ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया।

## पुणे में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गई और आग लगने के कुछ सेकेंड में ही लपटों में घिर गई। ट्रक में आग लगने से इसका ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। लिहाजा उसकी भी जलकर मौत हो गई। पीछे एक यात्री वाहन था, वह भी आग की चपेट में आ गया। उसमें 17-18 लोग सवार थे। सभी घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए।

# पंजाब में आईएसआई के आतंकी मॉड्यूल का खुलासा, 10 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 13 नवम्बर। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हमले के एक नेटवर्क का बृहस्पतिवार को पर्दाफाश कर इस सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। राज्य के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए ग्रेनेड हमला करने हेतु पाकिस्तान स्थित आकाओं के संपर्क में थे। गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों में से तीन की पहचान कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय के रूप में हुई है और वे सभी मुक्तसर साहिब के निवासी हैं।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908